



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 44 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 15 नवंबर 2024 डाक 16 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ तिरुपति स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे





**देश-विदेश**
प्रयागराज में तीन उपद्रवियों को भेजा जेल, आठ कोचिंग संचालकों को नोटिस





**फीचर पेज**
शर्मसार करने वाला रिकॉर्ड प्रदेश में सबसे अधिक बाल विवाह सरगुजा संभाग में, सूरजपुर पहले नंबर पर





# कार्तिक पूर्णिमा : अयोध्या सहित प्रमुख गंगा घाटों पर सुबह से स्नान, सरयू तट पर हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी




**अयोध्या, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

कार्तिक पूर्णिमा का त्योहार आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालु गंगा घाटों पर स्नान कर रहे हैं। स्नान को लेकर नगर के मठ-मंदिरों व धर्मशालाओं में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। मुख्य पर्व की पूर्व संध्या पर सरयू के स्नान घाट से प्रमुख मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए दर्शनार्थियों की कतारें लगी रहीं। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। उधर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। ड्रोन के साथ ही सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मी पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वारामसी में गंगा घाटों पर भारी भीड़ है।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान का मुहूर्त 15 नवंबर की सुबह 4.37 बजे से शुरू होकर 16 नवंबर की सुबह 2.29 बजे तक रहेगी। कार्तिक पूर्णिमा मेला चौदहकोसी परिक्रमा मेले के साथ चल रहा है। मेले के प्रमुख दो पर्व चौदहकोसी व पंचकोसी परिक्रमा सकुशल संपन्न हो गई है। मेले का अंतिम पर्व पूर्णिमा स्नान शुक्रवार को है। मुख्य स्नान पर्व को लेकर नगर के मठ-मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों की तैयारियां चरम पर हैं। विभिन्न स्थलों पर चल रही श्रीरामचरित मानस व श्रीमद्भागवत की कथाओं में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। ध्इसमें ग्रामीण इलाकों से आए लोग खास महिलाओं की संख्या अत्यधिक थी। अशोक राजपथ तथा संपर्क पथों पर भोर से जाम लगा रहा।

पूर्णिमा स्नान को लेकर नगर के मठ-मंदिरों व धर्मशालाओं में श्रद्धालुओं ने बृहस्पतिवार की सुबह से ही डेरा डालना शुरू कर दिया। सुबह से स्नान घाट पर पतित पावनी सरयू में स्नान-दान के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ रामलला, श्री हनुमानगढ़ी, कनक भवन, नागेश्वरनाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए लगी रही। शाम से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मेला क्षेत्र के मुख्य मार्गों के साथ ही मठ-मंदिरों तक दिखने लगी। मेले में उमड़ी भीड़ के मद्देनजर दूसरी बेला से ही यातायात डायवर्जन लागू कर दिया गया है। श्रीराम अस्पताल से नयाघाट बंधा तिराहे के बीच चार पहिया व बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है।

कार्तिक पूर्णिमा तिथि को पुराणों में स्नान, व्रत व दान की दृष्टि से मोक्ष प्रदान करने वाला बताया गया है। भगवान विष्णु का पहला अवतार इसी दिन हुआ था। इसी दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर असुर का संहार किया था। इसी तरह सिख धर्म में कार्तिक पूर्णिमा को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन गुरु नानक देव का जन्म हुआ था। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान व दीपदान का महत्व है। सरयू में घाटों पर दीपदान कर देव दीपावली भी 15 को ही मनाई जाएगी।

### संस्थानों में आज ओपीडी बंद, अस्पतालों में हाफ डे....

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अवकाश के चलते चिकित्सा संस्थानों में शुक्रवार को ओपीडी बंद रहेगी। केजीएमयू, लोहिया संस्थान, पीजीआई और कैंसर संस्थान की इमरजेंसी में इलाज मिलेगा। सरकारी अस्पतालों में दोपहर 12 बजे तक ओपीडी में मरीज देखे जाएंगे। इससे पहले सुबह 11 बजे तक पर्चे बनेंगे और जांच होगी। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश के मुताबिक ओपीडी हाफ डे रहेगी।

### अखिलेश यादव ने कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक जयंती की दी बधाई

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पर्व पर बधाई देते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक दार्शनिक, समाज सुधारक, कवि, योगी और देशभक्त थे। समाज से अंधविश्वास, आडम्बर और जात पात की बुराई खत्म करने के लिए उन्होंने सिख धर्म की स्थापना की।

## दिल्ली चुनाव से पहले कांग्रेस को लग सकता है एक और बड़ा झटका

### आज आप में शामिल होंगे कद्दावर नेता



**नईदिल्ली, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली से एक बड़ी खबर आ रही है। आज यानी शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लग सकता है। कांग्रेस के बड़े नेता आज आम आदमी पार्टी ज्वॉइन कर सकते हैं। अभी कुछ दिन पहले ही सीलमपुर से कांग्रेस से पांच बार के पूर्व विधायक मतीन अहमद और उनका बेटा व बहू आप में शामिल हुए थे। कुछ दिन पहले भी पांच बार के सीलमपुर से कांग्रेस विधायक रहे चौधरी मतीन अहमद ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया था। उन्होंने आप का दामन थाम लिया है। उनके साथ उनका बेटा और बहू भी में शामिल हुए हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मतीन अहमद को उनके घर जाकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। इस दौरान मंत्री इमरान हुसैन भी मौजूद रहे। इस दौरान सीलमपुर के मौजूदा विधायक अब्दुल रहमान और सीलमपुर की पार्षद हज्जन शकीला नहीं पहुंचीं।

## भूपेश बघेल पर एडिट वीडियो वायरल करने का आरोप, भड़के अजय चंद्राकर

**रायपुर, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में शराब मामले को लेकर सियासी घमासान तेज होता नजर आ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी चीफ ने हाल ही में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर से जुड़ा एक वीडियो अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसमें विधायक अजय चंद्राकर शराब के मुद्दे पर बयान देते नजर आए। इसके बाद अब विधायक अजय चंद्राकर ने पूर्व सीएम बघेल पर जमकर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अगर भूपेश बघेल में थोड़ी भी राजनीतिक नैतिकता है, तो मेरा पूरा वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट और कांग्रेस के पेज पर शेयर करें। उन्होंने आगे कहा- पूर्व सीएम चुनौती स्वीकार करें। मर्दों जैसी राजनीति करें। आबकारी विभाग ने शराब प्रेमियों के लिए एक नया ऐप बनाया है। इसे लेकर गुरुवार को पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा था कि नकली माल से लोग बचेंगे और असली माल पियेंगे। वहीं शराब बंदी पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा था- शराब बंदी कभी बीजेपी का मुद्दा था ही नहीं, शराबंदी कांग्रेस का मुद्दा था।

झूठ-मूठ का गंगाजल की कसम खाने वाली ऐसी राजनीति बीजेपी नहीं करती। वहीं अब पूर्व सीएम द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने उन्हें पूरी वीडियो अपलोड करने की चुनौती देते हुए कहा कि इससे कांग्रेस की करतूत और उनका दृष्टिकोण जनता के सामने आ आएगी, कि शराब बंदी हमने कहा था, या उन्होंने कहा था। भाजपा विधायक ने पूर्व सीएम बघेल पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह सोचते थे कि भूपेश बघेल मर्दों जैसी राजनीति करते हैं। एक साल के अंदर भूपेश बघेल इतने मुद्दा विहीन हो गए हैं कि उनको एडिट वीडियो के सहारे नेतागिरी चमकानी पड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व सीएम चुनौती स्वीकार करें।

## हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएं जीवन में उल्लास भी भरती हैं : सीएम विष्णुदेव साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी रायपुर के पवित्र खारून नदी के तट महादेव घाट पहुंचकर श्री हाटकेश्वर महादेव और मां काली के दर्शन किए। उन्होंने श्री हाटकेश्वर महादेव और मां काली की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने पवित्र महादेव घाट में कार्तिक स्नान के लिए जुटे श्रद्धालुओं का अभिवादन कर सभी को कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महादेव घाट में आयोजित होने वाला पुन्नी मेला बहुत लोकप्रिय है। दूर-दूर से लोग इसमें बड़ी श्रद्धा के साथ हिस्सा लेने आते हैं। श्री साय ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक परंपराएं न केवल हमारी आस्था को मजबूत करती हैं अपितु हमारे जीवन में उल्लास भी भरती हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि श्रीरामलला दर्शन योजना के माध्यम से हमने प्रदेशवासियों को अपने आराध्य भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या भेजने की निःशुल्क की व्यवस्था की है।

### सबरीमाला मंदिर के आज से खुलने जा रहे कपाट, कितने श्रद्धालु रोजाना कर सकेंगे दर्शन

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में सबरीमाला मंदिर काफी प्रसिद्ध है। भक्त मंदिर के दर्शन करने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, वहीं अब भक्तों का इंतजार खत्म होने वाला है। सबरीमाला में अय्यप्पा मंदिर आज शाम 5 बजे खोला जाएगा। भक्तों को दोपहर 1 बजे से पहाड़ी पर चढ़ने की अनुमति दी जाएगी। शुक्रवार और शनिवार को सुबह 3 बजे से दर्शन की अनुमति होगी। वार्षिक मंडलम-मकरविलक्कू तीर्थयात्रा सीजन की शुरुआत के साथ, सबरीमाला में अयप्पा मंदिर भक्तों के लिए अपने दरवाजे खोलने के लिए तैयार है। निवर्तमान मेलसंथी (मुख्य पुजारी) पी.एन. महेश नंबूथिरी शाम 5 बजे मंदिर का गर्भगृह खोलेंगे।

## बिरसा मुंडा जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि झारखंड के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनका बलिदानों से भरा जीवन राष्ट्र सेवा का एक अनूठा उदाहरण है। बिरसा मुंडा का जन्म 1875 में हुआ था। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया था। महज 25 वर्ष की आयु में ही उनकी मौत हो गई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी ने मातृभूमि की आन-बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी जन्म-जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के पावन अवसर पर उन्हें मेरा कोटि-कोटि नमन। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी के 150वें जयंती वर्ष का कल से शुभारंभ होने जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस पर बिहार के जमुई में सुबह करीब 11 बजे उनके सम्मान में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करने के अलावा कई परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण का भी सौभाग्य मिलेगा। बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद पीएम मोदी ने झारखंड के स्थापना दिवस पर राज्यवासियों को बधाई भी दी।

### अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर भीषण हादसा

## दो युवतियों समेत 3 लोगों की मौत, 17 घायल

**रूद्रौली, 15 नवंबर [एजेंसी]।**



लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में मेदांता अस्पताल लखनऊ के लैब टेक्नीशियन व दो युवतियों सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा पर लखनऊ से अयोध्या दर्शन को जा रहे थे। वहीं, ट्रैवलर के 15 यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों की हालत नाजुक बताई जा रही है। उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 पर भेलसर चौकी के नवीन मंडी कुढासादात के पास दुर्घटना शुक्रवार को भोर में लगभग पांच बजे हुई। कुढासादात के पास रुदौली नगर जाने के लिए कट बना है। इस कट पर तेज रफ्तार ट्रक अयोध्या जाने के लिए मुड़ रहा था। तभी लखनऊ की तरफ से आ रही यात्रियों से भरी ट्रैवलर ने ट्रक में टक्कर मार दी। ट्रैवलर कानपुर से गोरखपुर बारात लेकर जा रही थी। इसमें बैठे 15 लोग घायल हो गए। ट्रक में ट्रैवलर के टकराने के बाद लखनऊ से अयोध्या जा रही कार टकरा गई। कार की ट्रक व ट्रैवलर में टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और वाहन के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची। हाइवे पर एक घंटे तक जाम लग गया। दोनों लेन पर भीषण जाम लग गया। दुर्घटना की शिकार तीनों वाहनों को पुलिस ने क्रेन से हटाकर यातायात को शुरू कराया।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



### महतारी वंदन से सशक्त हुई नारी, अब है किसानों की बारी

# प्रदेश सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान खरीदी करने से किसानों को मेहनत का मिला उचित मोल : किसान जे.पी. सिंह







कोरबा । छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी योजनाओं एवं फैसलों से अन्न उपजाने वाले किसानो में प्रसन्नता व्याप्त है। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर किसानों से जिले के 65 उपार्जन केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था करने के साथ धान खरीदी सुचारू रूप से शुरू की गई है। उपार्जन केन्द्र पोड़ी में अपनी उपज विक्रय के लिए पहुंचे विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम टुनियाकछार के रहने वाले किसान श्री जे. पी. सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी देवी ने प्रशासन द्वारा केंद्र में धान विक्रय के लिए किसानों हेतु दी गई सहूलियत से खुश हैं।

माधुरी देवी ने कहा कि आज उनकी मेहनत रंग लाई है और वे धान विक्रय के लिये उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि जून-जुलाई के महीने में खेत की जुताई से लेकर नवम्बर-दिसम्बर में फसल की कटाई तक किसान का पूरा समय फसल की देखरेख में गुजरता है। किसान अच्छी फसल के उत्पादन के लिए कड़ी मेहनत व अथक परिश्रम करता है एवं उसे खुशी अपने उपज को उपार्जन केंद्र में पहुँचाकर मिलती है। उन्होंने बताया कि उनकी 17 एकड़ कृषि भूमि है। जहाँ वे खरीफ मौसम में धान की पैदावार लेते है। आज धान खरीदी के पहले दिन वे समिति में लगभग 10 क्विंटल धान बेचने आए हैं। आने वाले दिनों में उनके द्वारा और भी धान का विक्रय किया जाएगा। केंद्र में उन्हें धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई। महतारी वंदन योजना से हर माह एक हजार रुपए मिलने से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है इसके साथ ही फसलों का उचित दाम मिलने से उन्हें भी संबल मिल रहा है।

माधुरी देवी के पति किसान श्री जे. पी. सिंह ने खरीदी केंद्र में प्रशासन द्वारा की गई समुचित व्यवस्था को देखकर हर्ष प्रकट किया। उन्होंने बताया कि उनके परिश्रम, फसल की उचित देखरेख एवं क्षेत्र में हुए अच्छी बारिश से इस वर्ष उनकी फसल अच्छी हुई है, जिसके विक्रय से उनकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा केंद्र में किसानों के लिए सभी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्हें धान विक्रय के लिए टोकन मिलने, बारदाना उपलब्धता के साथ ही धान तौलाई का कार्य भी बहुत ही सरलता से हो गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस वर्ष 3100 रुपए प्रति क्विंटल एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों को उनकी उपज का वास्तविक मूल्य मिल रहा है। कृषक श्री सिंह ने बताया कि उनके द्वारा विगत वर्ष 210 क्विन्टल धान विक्रय किया गया था एवं 06 लाख रूपए तक का आय अर्जित किया गया था। आज उनके द्वारा पहला टोकन प्राप्त कर लगभग 10 क्विंटल धान विक्रय किया गया है एवं कुछ दिनों में उनके द्वारा और धान का विक्रय भी किया जाएगा। किसान श्री जे. पी. सिंह ने कहा कि सरकार की यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का सकारात्मक प्रयास है, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा एवं उनकी आय में वृद्धि के साथ ही आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने सरकार के कहे वादे अनुसार निर्धारित समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए राज्य सरकार के मुखिया श्री विष्णुदेव साय व जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## कलेक्टर ने कटघोरा नगर पालिका स्थित पुष्पवाटिका, स्टेडियम ग्राउण्ड एवं गोल गुंबद भवन का किया निरीक्षण

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत ने आज नगर पालिका परिषद कटघोरा स्थित पुष्पवाटिका, स्टेडियम ग्राउण्ड एवं गोल गुंबद भवन का निरीक्षण कर स्थलों के उन्नयन हेतु नगर पालिका कटघोरा द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम कटघोरा श्री रोहित कुमार, सीएमओ एवं उप अभियंता नगर पालिका कटघोरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर द्वारा पुष्पवाटिका के किड्स जोन, फाउण्टेन, पॉण्ड पगौड़ा, गार्डन चेयर तथा दीवार मरम्मत, सौंदर्यीकरण तथा फूल पौधा रोपण कार्य का विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पुष्पवाटिका के सामने फूडजोन एवं चौपाटी विकसित किये जाने हेतु तैयार प्रस्ताव एवं स्थल का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने थाना के सामने स्थित गोल भवन का भी निरीक्षण कर भवन को इनडोर खेल स्टेडियम की तरह विकसित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया गया। इसी प्रकार उनके द्वारा स्टेडियम ग्राउण्ड में घास रोपण, बाउण्ड्री तथा लाईट व्यवस्था हेतु प्राक्कलन तैयार करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि प्रस्तुत प्रस्ताव के परीक्षण उपरांत सभी स्थानों के उन्नयन एवं सौदर्यीकरण के लिए जिला खनिज न्यास से प्रस्तावित कार्यों हेतु राशि स्वीकृत की जाएगी।

## स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की हुई संपन्न



कोरबा । संभागायुक्त महादेव कावरे की अध्यक्षता में आज ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेडिकल कॉलेज में छात्रों एवं मरीजों हेतु सुविधाएं विकसित करने के संबंध में बिंदुओं पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नियमावली में एकरूपता हेतु मॉडल स्वशासी सोसायटी प्रारूप के नियमावली में संशोधन के संबंध में प्रबंधकारिणी समिति के समक्ष साधारण सभा समिति, प्रबंधकारिणी समिति, वित्त समिति के सदस्यों एवं उनके कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसके अनुसार आकस्मिक जरूरत अनुसार प्रबंध कारिणी समिति द्वारा 2 करोड़ एवं वित्त समिति द्वारा 10 लाख तक राशि अनुमोदित किया जा सकता है। प्रबंधकारिणी समिति का सदस्य सचिव डीन के स्थान पर अस्पताल अधीक्षक को नामित किया गया है। प्रबंधकारिणी समिति में पूर्व में 05 समिति सदस्य के स्थान पर अब 14 सदस्य नामित किया गया है। उपरोक्तानुसार प्रस्ताव को प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। विभागों और छात्रावास हेतु सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सी.सी.टी.वी कैमरा खरीदने संबंधी प्रस्ताव का समिति ने अनुमोदन किया। वर्ष 2025-26 में यू.जी. कोर्स के संचालन हेतु एन.एम.सी. फीस की राशि 3.54 लाख रुपए प्रबंधकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में वीडियो कांफ्रेंस सेट लगाये जाने हेतु 05 लाख 60 हजार की राशि स्वीकृत की गई। चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में 05 विभाग-जनरल मेडिसीन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, निश्चेतना विभाग में पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु स्वीकृति दी गई। इस अवसर पर संचालक चिकित्सा शिक्षा छ.ग. शासन डॉ. यू.एस. पैंकरा, अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा डॉ. रंजना सिंह आर्या, कलेक्टर प्रतिनिधि कोरबा श्री दिनेश कुमार नाग, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. गोपाल सिंह कंवर, सीएमएचओ कोरबा डॉ. एस. एन. केसरी व उप अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा डॉ. दुर्गाशंकर पटेल सदस्य के रूप में उपस्थित थीं।

### दिलीप कुमार मिरी व किशन दिनकर के विरूद्ध की जिलाबदर की कार्यवाही

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्री अजीत वसंत ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत दिलीप कुमार मिरी उम्र 37 वर्ष, पिता- छत राम मिरी, साकिन क्वाटर नंबर 02/09 मानिकपुर चौकी एवं किशन दिनक उम्र 26 वर्ष साकिन परसाभाठा वार्ड क्रमांक 41 बाल्को को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा तथा समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से 01 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाएं

### समितियों में अवैध धान के विक्रय, रिसाइक्लिंग पर रोक लगाने प्रशासन गंभीर

कोरबा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार धान उपार्जन केंद्रों में अवैध धान के विक्रय पर रोक लगाने जिला प्रशासन द्वारा गम्भीरता से कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के सहकारी समितियों में अवैध धान के आवक, धान की रिसाइक्लिंग, कोचियों- बिचौलियों के धान की विक्रय एवं राजस्व भूमि पर कब्जाकर लगाए गए धान की बिक्री को रोकने हेतु राजस्व अमला द्वारा मुश्तैदी से कार्य किया जा रहा है।इस हेतु प्रशासन द्वारा समितियों में धान के आवक पर निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा विकासखण्ड के ग्राम खैरभवना में तहसीलदार अजगरबहार श्री मनहरण राठिया एवं राजस्व टीम द्वारा लगभग 1.68 एकड़ शासकीय भूमि में कब्जा कर लगाए गए फसल पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। जिससे इस धान की बिक्री उपार्जन केंद्र में पंजीकृत खाते से नही हो पाए। गौरलतब है कि यह भूमि बांगो परियोजना के तहत 30-40 वर्ष पूर्व शासन द्वारा अधिग्रहित किया गया है। जिस पर गंगा सिंह कंवर द्वारा फसल लगाकर कब्जा किया गया था। राजस्व विभाग द्वारा इस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही की गई है। जिससे जिले के पंजीकृत किसानों का वैध धान ही समितियों में विक्रय हो।

## कलेक्टर अजीत वसंत की उपस्थिति में सहकारी समिति पोड़ी में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ







कोरबा । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर किसानो से धान खरीदी कार्य का आज से शुभारंभ हो गया है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में आज विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केंद्र पोड़ी में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हुआ। समिति में किसानों का पुष्पमाला भेंटकर स्वागत किया गया एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की पूजा अर्चना कर धान खरीदी की विधिवत शुरुआत की गई। ग्राम टुनियाकछार के कृषक श्रीमती माधुरी देवी एवं उनके पति श्री जे पी सिंह द्वारा लगभग 10 क्विंटल धान विक्रय हेतु उपार्जन केंद्र लाया गया था। कलेक्टर ने कृषक श्रीमती माधुरी देवी को शुभकामनाएं देते हुए समिति प्रबंधक को धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु केंद्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने एवं सभी समितियों में गुणवत्ता युक्त धान खरीदी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि समिति में किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए, सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर ने केंद्र में धान की नमी परीक्षण का जांच करते हुए बारदाना उपलब्धता, धान भंडारण एवं उठाव व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने हमाल पंजी, बारदाना पंजी सहित केंद्र में संधारित किए जाने वाले सभी पंजियों का अवलोकन किया। उन्होंने जिले के समस्त उपार्जन केंद्रों में सभी पंजियों को अद्यतन रखने के निर्देश उप पंजीयक सहकारी संस्थान को दिए। साथ ही सभी केंद्रों में नाप तौल मशीन व नमी परीक्षण मशीन का अंशांकन प्रमाण पत्र प्रदर्शित कराने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की सतत निगरानी रखने एवं अवैध धान की बिक्री पर रोक लगाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री तुला राम भारद्वाज, जिला खाद्य अधिकारी श्री घनश्याम सिंह कंवर, उप पंजीयक सहकारिता श्रीमती पूर्णिमा सिंह, जिला विपणन अधिकारी श्रीमती जाह्नवी जिलहरे, नोडल कॉपरेटिव बैंक एस. के. जोशी सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।

## सतर्कता के महत्व के जानने के साथ ली शपथ



कोरबा। जिले में केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में 16 अगस्त से 15 नवंबर 2024 तक चलाए जा रहे तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान का समापन समारोह दिनांक 14.11.2024 को एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र के विभागाध्यक्ष/श्रमसंघ प्रतिनिधिगण, सिस्टा/कौंसिल के सदस्य और समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे । सतर्कता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और अधिकारियों में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और कार्यस्थल पर नैतिक आचरण के महत्व को उजागर करना था। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ, सेमिनार, कार्यशालाएँ और जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।समारोह में पुरस्कार वितरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों और विभागों को सम्मानित किया गया।

### निदेशक तकनीकी ने कुसमुंडा मेगा परियोजना का किया दौरा

कोरबा । निदेशक तकनीकी (पी एंड पी) फ्रैंकलिन जयकुमार ने कुसमुंडा ओपनकास्ट खदान का प्रथम छमाही एवं द्वितीय छमाही में निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय पैच गोदावरी पैच, नीलकंठ पैच, नीलकंठ-बी पैच और नीलकंठ-सी पैच का निरीक्षण किया। उन्होंने गेवरा रेलवे साइडिंग, कोल स्टॉक और क्रशर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजीव सिंह और खदान के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## गुजरात के सूरत में ताइक्वाडों की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोरबा जिले को 49 मैडल मिले, अजुनी सहित खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

कोरबा । गुजरात राज्य के सूरत जिले में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में कुडो प्रतियोगिता 05 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित की गई है। जिसमे पूरे देश से लगभग 3000 से अधिक खिलाड़ी उक्त अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु विभिन्न देश से प्रतिभागी शामिल हुए। लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी सिटी सेंटर मॉल के संचालक एवं महासचिव कूडो संघ कोरबा प्रेमराज बंजारे ने बताया कि कोच सुश्री स्नेहा बंजारे के मार्गदर्शन में सहायक कोच आयुष निराला सहित कुल 28 खिलाड़ी रवाना हुए थे। लेवल अप एमएमए अकादमी के खिलाड़ियो ने 15वी राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को कोरबा जिले के रेयांश यादव ने प्रथम स्वर्ण पदक प्राप्त छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। स्वर्ण पदक के क्रम में जिले से प्रणव निर्मलकार, नेवान आर. पिल्लै, रजत पदक अजूनी बतरा, अलिशा, वी. संभवी, जसमीत कौर, अवनी शर्मा, अगस्त्य शर्मा, मिया अलपट्ट एवं कांस्य पदक देवराज गोगोई, अद्वितीय यादव, अद्वितीय गुप्ता, आयुष निराला, आर्या सेठी ने प्राप्त किया।

5वी राष्ट्रीय फ़ेडरेशन कप में स्वर्ण पदक स्नेहा बंजारे, वी. संभवी, आर्य सेठी, जसमीत कौर, नेवान आर. पिल्लै, अद्वितीय यादव, रजत पदक अवनी शर्मा, मिया अलापट्ट, आयुष निराला, अजूनी बतरा, रेयांश यादव एवं कांस्य पदक आर्य गौरी सिंह, अद्वितीय गुप्ता, अलिशा, विधि विजयवर्गीय, प्रणव निर्मलकार, देवराज गोगोई, रोहन श्रीवास, वीर भद्र प्रकाश पैकरा, मयूर चंद्र प्रसाद ने प्राप्त किया। 16वी अक्षय कुमार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक स्नेहा बंजारे, अवनी शर्मा, विधि विजयवर्गीय, जसमीत कौर रजत पदक में वी. संभवी, मिया अलापट्ट, प्रणव निर्मलकार, अगस्त्य शर्मा, साईं प्रकाश जेना, कांस्य पदक अजूनी बतरा, आर्या सेठी, इश्कृत कौर छाबरा, अद्वितीय यादव, आयुष निराला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इन तीनों प्रतियोगिता में कुल 49 पदक प्राप्त किए। कूड़ो एसोसिएशन ऑफ कोरबा के सचिव प्रेमराज बंजारे ने बताया की 5 नवंबर से 7 नवंबर राष्ट्रीय कूड़ो प्रतियोगिता, 8 से 9 नवंबर फ़ेडरेशन कप एवं 10 से 11 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय कूड़ो अक्षय कुमार टूर्नामेंट आयोजित हुई इस प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि अभिनेता अक्षय कुमार, सुनील सेठ्ठी और परेश रावल थे।

### क्षेत्र के स्वीकृत कार्यों पर तेजी लाएं प्रशासन-सांसद ज्योत्सना महंत

कोरबा । कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रही। सांसद ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। इस दौरान अनेक ग्रामों में आयोजित सभाओं को संबोधित किया। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने बुधवार को पाली विकासखंड के ग्राम नानबाका, रजकम्मा, नवापारा, भेलवाटिकरा, ढोढकी व ईरफ सहित अनेक ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान ग्राम रजकम्मा में सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण व ग्राम पंचायत नानबांका में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया।

## बाल दिवस पर आयोजन, 134 वीं जयंती मनाई जवाहर लाल नेहरू की

कोरबा। जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर द्वारा टी.पी. नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 134 वीं जयंती कार्यक्रम मनाई गयी।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम पं. जवाहर लाल नेहरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई तत् पश्चात पं. नेहरू को याद करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। जिसमें सर्वप्रथम पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनी प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे। बच्चे भी उन्हे चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे पं. नेहरू उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने पिता की तरह वकील बने बाद में वे महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अहम किरदार निभाया। देश की आजादी के लिए पं. नेहरू कई बार जेल गये।महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि नेहरू जी का स्वतंत्रता संग्राम में विशेष योगदान था ही साथ ही भाषा पर नियंत्रण था और वे अपने विचार बड़ी सरलता एवं स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करते थे। भारत की प्राचीन सांस्कृतिक ख्याति का नेहरू जी पर बहुत प्रभाव था साथ ही विश्व इतिहास के विभिन्न पहलुओं से भी वे परिचित थे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल कहा कि पं. नेहरू शांतिप्रिय स्वभाव के साथ साथ मेहनती व्यक्ति थे। आज भी पं. नेहरू को भारत के प्रसिद्ध आदर्शो के रूप में याद किया जाता है। पं. नेहरू का बच्चों से जो लगाव था जिसके कारण ही भारत में 14 नवम्बर को पं. नेहरू की जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने कहा कि पं. नेहरू केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं थे अपितु वे एक बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न महान पुरुष थे। वे एक अनुठे चिंतक व महान लेखक थे। संवेदनाओं से भरपूर पं. नेहरू ने भारत ही नही अपितु दुनिया के लोगों का अभूतपूर्व प्यार और सम्मान पाया। भारत ने उन्हें राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" से अलंकृत किया है। नेहरू जी एक सर्वप्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति थे। राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, चिंतक, साहित्यकार आदि सभी का समावेश उनके धनी व्यक्तित्व में था। उनकी बहुमुखी प्रतिभा उनकी स्वाभाविक उदारता में सोने में सुगंध का कार्य करती थी निश्चय ही वे भारत के रत्न थे। इस मौके पर पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, सभापति श्याम सुंदर सोनी, रूपा मिश्रा, द्रोपदी तिवारी, लखन लाल लहरे, नीलिमा घृतलहरे, विनोद महिलांगे, सनंद दास दीवान, मनोज चौहान, गीता गभेल, ममतारानी अग्रवाल, गणेशराम बघेल, संतोष मिश्रा, मनबोधी दास महंत, भगवती गोस्वामी, तुलेश गोस्वामी, जगदीश दीवान कोथारी ने पं. नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### दुपहिया गाड़ियों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई की

कोरबा । कोरबा जिले में अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस के द्वारा समय-समय पर वाहनों की जांच की जाती है। यातायात पुलिस के द्वारा चालान भी किए जाते हैं। फिर भी कई वाहन चालक बिना नंबर प्लेट के वाहनों को चला रहे रहे हैं। आमतौर पर देखा जाता है कि बिना नंबर प्लेट के वाहनों का इस्तेमाल तरह-तरह की वारदातों को अंजाम देने के लिए अपराधी करते हैं। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सभी थाना व चौकियों में बिना नंबर के सड़क पर दौड़ रहे वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। उसी तारतम्य में कटघोरा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा व कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने थाना के सामने सघन जांच अभियान चलाया। जिसमें बिना नंबर की दो पहिया वाहनों पर सख्त कार्यवाही करते हुए 6 मोटर सायकिल को बिना नंबर के पकड़ा और चालानी कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल गाड़ी का नंबर प्लेट लगवाने समझाइस दी।

## बाल उत्सव कार्यक्रम में चांपा के प्रतिभावान बच्चों को किया पुरस्कृत

**चांपा ।** शाउमावि बरपाली चाम्पा में बाल उत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने अपनी सहभागिता का परिचय दिया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन केसदस्य गण उपस्थित रहे। माध्यमिक शाला बरपाली के शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष प्रताप सराफने बाल दिवस पर बच्चों की उत्साह और लगन को देखकर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नन्हे नन्हे बच्चों ने कितने उत्साह और उमंग के साथ तरह तरह के व्यंजन बनाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया जो सराहनीय है। बच्चों के प्रति स्नेह रखने वाले अमरजीत खट्कर ने तिमाही परीक्षा में उत्कृष्ट नम्बर में उत्तीर्ण 40 विद्यार्थी को पेंन से पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए। पुरुस्कार की कड़ी में सेवा भावी अनिल गोयल ने कक्षा 10वीं में तिमाही परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक पाए विद्यार्थी 100 कापी प्रदान किया गया। जिसे प्रत्येक कमजोर विद्यार्थी को को दो दो कापी देकर उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें बच्चों को प्रश्न बैंक के प्रश्न हल करने को कहा गया। अक्षर साहित्य परिषद चाम्पा के साहित्यकार कल्याणी केशरवानी ने बच्चों को बेटी को ईश्वर का अनुपम उपहार बताते हुए बेटियों की सदैव सम्मान और आदर करते रहने को प्रेरणा दी। शारदा गोपाल ने बाल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल दिवस चाचा नेहरू की जन्म दिवस को याद में मनाते हैं और नेहरू जी की बच्चों को स्नेह को याद करते हैं। हमें बच्चों को सदैव प्रेम करते हुए शिक्षा देना चाहिए। अंत प्राचार्य लक्ष्मी प्रसाद सोनी ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा ही है जो बच्चों को चाचा नेहरु महात्मा गांधी जैसे आदर्श व्यक्ति बनाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने व्याख्याता गौरी भूमि और अनुराधा की भूमिका सराहनीय रही।

# सेवा सहकारी समितियों में प्रभारी बनने के एवज में की जा रही लाखों की वसूली

## दो से ढाई लाख रुपए लेकर कंप्यूटर ऑपरेटरो को बनाया गया है खरीदी केंद्र का प्रभारी

**जांजगीर चांपा।** सेवा सहकारी समितियों में प्रभारी की नियुक्ति को लेकर अधिकारियों द्वारा लाखों रुपए की वसूली की जा रही है जहां जिला विपणन अधिकारी एवं जिला खाद्य अधिकारी तथा पंजीयक द्वारा सिंडिकेट बनाकर नए पदस्थ नोडल अधिकारी को उक्त आदेश पर हस्ताक्षर के लिए बाध्य किए जाने का मामला सामने आया है। सेवा सहकारी समितियों का प्रभारी बनाने के लिए जहां प्रत्येक व्यक्ति से दो से ढाई लाख रुपए लिया गया है वहीं ऑपरेटर को प्रभारी बनाने के बदले मोटी रकम की उगाही की जा रही है। जिसको लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। इस मामले का निष्पक्ष जांच किया जाना चाहिए ताकि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई हो सके।

ज्ञात हो कि सेवा सहकारी समिति के अधिकारी नहीं होने के बाद भी जिला विपणन अधिकारी द्वारा सहकारिता विभाग में खुलेआम दबाव बनाया जा रहा है जो प्रत्येक कार्यों में दखल अंदाजी करते रहते हैं। अपने विभाग में भ्रष्टाचार को अंजाम देने के साथ-साथ अब नए पदस्थ हुए नोडल अधिकारी के कंधे पर एक तरह से बंदूक चलाने का काम करने लगे हैं जो अपनी मनमर्जी से सेवा सहकारी समितियों में प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति कर रहे हैं जिसके लिए जिला नोडल अधिकारी के ऊपर हस्ताक्षर के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

इस कार्य में जिला खाद्य अधिकारी एवं सहकारिता पंजीयन को साथ लेकर नए प्रभारियों से लाखों रुपए की वसूली धान खरीदी प्रभारी बनाने के लिए लिया जा रहा है। इतने बड़े खेल होने के बाद भी जिला प्रशासन के अधिकारी मौन बने हुए हैं। यहां यह बताना आवश्यक है कि एक माह पहले ही कोऑपरेटिव सेक्टर में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरो द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था उस दौरान ना तो कोऑपरेटिव विभाग के लोग इन्हें अपना कर्मचारी मानने को तैयार थे और ना ही विपणन विभाग के लोग इसे अपने विभाग का हिस्सा मान रहे थे। जबकि मूलतः उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर सहकारिता विभाग के ही कर्मचारियों में शामिल माने जाते हैं।

किंतु जब बात फायदे की आई तो जिला विपणन अधिकारी द्वारा उक्त कंप्यूटर ऑपरेटरो को सहकारिता विभाग का कर्मचारी मानते हुए उन्हें सेवा सहकारी समितियों का प्रभारी तक बना दिया गया है यह कार्य कोई मुफ्त में नहीं किया गया है बल्कि इसके आवाज में जिला विपणन अधिकारी द्वारा दो से ढाई लाख रुपए प्रत्येक कंप्यूटर ऑपरेटर से धान खरीदी केंद्र का प्रभारी बनाए जाने का कीमत लिया गया है । इस कार्य में जिला विपणन अधिकारी ने अपने विभाग के अलावा जिला खाद्य अधिकारी एवं सहकारिता के पंजीयन को भी शामिल किया है। जिनके द्वारा संयुक्त रूप से दबाव बनाकर नोडल अधिकारी को उक्त आदेश पर हस्ताक्षर के लिए बाध्य किया गया है । जबकि जिला नोडल अधिकारी को यह नहीं मालूम की कौन अधिकारी कहां पदस्थ हैं और कौन व्यक्ति किसका प्रभारी है क्योंकि वह महज एक सप्ताह पहले ही जिले में पद पदस्थ हुए हैं जिसके सहस्त्र सरलता एव नए पदस्थ होने का खुलेआम फायदा जिला विपणन अधिकारी द्वारा उठाया जा रहा है । जो धान खरीदी के इस महत्वपूर्ण अवसर को जिला अधिकारी अपने सहयोगी अन्य अधिकारी के साथ कमाई का प्रमुख जरिया बना लिए हैं। सच कहा जाए तो यह अधिकारी हमेशा से सुर्खियों में रहा है जिनके द्वारा कस्टम मिलिंग के नाम से राशि वसूलने का आरोप पिछले समय भी लगते रहा है जिन्होंने कस्टम मीनिंग में वसूली कर अपने उच्च अधिकारियों एवं राजनेताओं को भेजते रहे हैं। कांग्रेस शासन में सुर्खियों में रहे उक्त अधिकारी के कारनामा कम होने का नाम नहीं ले रहा है जिनके विभागीय कार्यों की जांच होनी चाहिए।

वही आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने वाले उक्त अधिकारी के ऊपर के यहां लोकायुक्त का छापा भी पढ़ना चाहिए ताकि लगातार हो रहे भ्रष्टाचार पर से पर्दा हट सके। बताया जाता है कि उक्त अधिकारियों को जो सिंडिकेट बनाये है उसे जिला प्रशासन के एक राजस्व अधिकारी का विशेष संरक्षण प्राप्त है जो राज्य शासन के धान खरीदी के इस महत्वपूर्ण योजना में अवैध उगाही करने वाले अधिकारियों को संरक्षण प्रदान करने का काम कर रहे हैं। इस कार्य से प्रदेश सरकार की जहां किरकिरी होने लगी है वहीं जिला प्रशासन का संरक्षण होने का आरोप लगने लगा है।

## केएसके प्लांट हेडवर के पहल उत्पादन ठप होने का मंडरा रहा खतरा

**जांजगीर-चांपा।** केएसके प्लांट को सबसे ज्यादा बोली लगाकर जेएसडब्ल्यू ने खरीद ली है। लेकिन अब हैंडओवर के पहले प्लांट में उत्पादन ठप होने का खतरा मंडराने लगा है। इसको लेकर शुक्रवार को जेएसडब्ल्यू के चेयरमेन सज्जन जिंदल आ रहे हैं। शायद इस संबंध में आगे की चर्चा होगी। साथ ही प्लांट को देखेंगे।

ज्ञात हो कि जिले के अकलतरा में प्रदेश का सबसे बड़ा केएसके प्लांट का निर्माण शुरू हुआ था। इसके लिए अकलतरा क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों की हजारों एकड़ जमीन प्लांट के लिए यह कहकर अधिग्रहित की थी कि क्षेत्र में प्रदेश का सबसे बड़ा 3600 मेगावाट उत्पादन क्षमता का पावर प्लांट - स्थापित हो रहा है, क्षेत्र में बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र से - बेरोजगारी दूरी होगी। लेकिन प्लांट तैयार होने के बाद लगातार यह प्लांट

विवादों में रहा है। ठीक से प्लांट को चलाया ही नहीं जा सका। इसलिए करोड़ों का कर्ज होने से प्लांट

मालिक इसे चला नहीं सके। इसके बाद पिछले कुछ सालों से प्लांट एनसीएल्टी द्वारा चलाया जा रहा है।

एनसीएल्टी द्वारा नीलामी की प्रक्रिया की गई। जिसमें सज्जन जिंदल जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने केएसके महानदी पावर प्लांट के लिए 15 हजार 985 करोड़ रुपए की सबसे ऊंची बोली लगाई गई। इस नीलामी में अदाणी पावर को पछाड़ते हुए जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने अंतिम दौर में बोली लगाई, जबकि अडानी पावर ने 10 वें दौर में 15 हजार 885 करोड़ रुपए की अतिम पेशकश की थी। इसमें वेदांता, एनटीपीसी तक बोली में भाग लिया था। आखिरकार जेएसडब्ल्यू से अधिक बोली लगाई। हालांकि अभी हैंडओवर नहीं हुआ। लेकिन हैंडओवर के पहले केएसके महानदी में खतरा मंडराने लगा है।

## शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला नैला में हुआ बाल मेले का आयोजन



**जांजगीर नैला।** शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी जी भाजपा नेता राकेश रूपवानी द्वारा भारत माता व मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए जिसमें अनेक प्रकार के व्यंजन रखे गए थे शाला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के दिन को हम पुरे देश मे बाल दिवस के रूप मे मनाते है उन्होंने सभी बच्चो को भविष्य मे सफल होने हेतु मेहनत करने का मंत्र दिया उन्होंने सभी बच्चो को जीवन मे अनुशासित रहते हुए कहा कि आप सभी समय के पाबंद रहे जिस क्षेत्र मे जाना चाहते है उसके लिए प्रयास करे उन्होंने सभी बच्चो को अपने रूचि के अनुसार अपने जीवन मे एक खेल जरूर खेलने को कहा उन्होंने सभी छात्रो से शाला मे प्रतिदिन पूर्ण गणवेश व पादुका के साथ शाला आने को कहा साथ ही अपने सामान्य ज्ञान को भी मजबूत करते हुए शारिरिक जागरूकता हेतु प्रतिदिन व्यायाम करने को कहा उन्होंने सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम की बधाई दी उक्त कार्यक्रम मे शाला के प्रधान पाठक चंद्र प्रकाश राठौड़ शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शंकर लाल पांडे अनीता देवांगन दिलेश्वर पटेल किरण बजाज रवि बजाज सहित सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## पंजीयन नहीं होने से धान नहीं बेच पाएंगे 67 किसान

**बाराद्वार।** सेवा सहकारी समिति बाराद्वार अंतर्गत आने वाले मुक्ताराजा, भागोड़ीह, सरहर और दुरपा के 67 किसान पंजीयन नहीं होने के कारण इस साल सोसायटी में अपना धान नहीं बेच पाएंगे। इससे उनमें मायूसी छाई हुई है और वे निराश नजर आ रहे हैं। किसानों ने बताया कि वे हर वर्ष अपना धान बाराद्वार सोसायटी में बेचने जाते थे। लेकिन इस वर्ष बाराद्वार सोसायटी द्वारा कम समय में सरहर सोसायटी में उनका पंजीयन कराने का निर्देश जारी कर दिया था। पंजीयन कराए जाने के लिए कम समय देने और दिवाली त्योहार होने के कारण मुक्ताराजा, भागोड़ीह, सरहर और दुरपा के 67 किसानों का पंजीयन अभी तक सरहर सोसायटी में नहीं हो पाया है।

# गुरूनानक जयंती पर निकली गुरूग्रंथ साहिब की शोभायात्रा

**जांजगीर चांपा।** नगर चांपा के सिख एवं सिंधी समाज द्वारा सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी का जन्मोत्सव आज शुक्रवार 15 नवंबर को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर दोनों ही समाज द्वारा सोझी घाट स्थित सिंधी गुरूद्वारे से अपरान्ह 3 बजे गुरूग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जगह जगह आम लंगर का आयोजन किया गया।

सिख समाज द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद 15 नवंबर को गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व पर सुबह से ही कार्यक्रम शुरू हुए। प्रातःकाल 4 बजे प्रकाश गुरु महाराज का करके फूलों की वारखा और फिर नाम जप किया गया। शाम 3 बजे से सोझी घाट से गुरु महाराज का नगर दर्शन सिख समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। नगर कीर्तन विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुद्वारा साहेब में पहुँचेगातत्पश्चात गुरु का लंगर और विशेष दरबार और गुरु महाराज का प्रसाद वितरित किया गया। 16 नवंबर को बरपाली चौक स्थित सिख समुदाय के धर्म स्थान



गुरुद्वारा साहिब गुरु सिंह सभा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरु नानक जी का प्रकाश पर्व सिख समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह पर्व गुरु नानक जी के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है और इस दिन सिख समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गुरु नानक जी सिख धर्म के संस्थापक थे और उनका जन्म 15 अप्रैल 1469 को तलवंडी में हुआ था। उन्होंने सिख धर्म की नींव रखी और सिख समाज को एक नई दिशा दी। गुरु नानक जी के उपदेश आज भी सिख समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके उपदेशों में एकता, और शांति का संदेश है। सिख समाज गुरु नानक जी के प्रकाश पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाता है और इस दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

गुरूनानक जी के प्रकाश पर्व के मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती द्वारा सोझी घाट स्थित सिंधी गुरूद्वारे में दोपहर 1 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया है। इसी तरह सिंधी कालोनी स्थित झूलेलाल भवन में रात्रि 8 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा सिख समाज द्वारा तहसील रोड स्थित निर्माणाधीन गुरूद्वारे में शनिवार 16 नवंबर को दोपहर 1 बजे से आम लंगर का आयोजन किया जा रहा है। गुरूनानक जी के प्रकाश पर्व के लिए दोनों ही समाज द्वारा अपने अपने घरों सहित गुरूद्वारों में रोशनी से सजावट की गई है।

## आश्रम मसनियाखुर्द में मनाया बाल दिवस

**सक्ती।** स्वास्थ्य विभाग की जोंगरा टीम ने मसनियाखुर्द आश्रम में बाल दिवस मनाया। विभाग की आभा सिंह सिदार, अनिता डहारे व लक्ष्मीकांत डहारे ने आश्रम में स्मार्ट कार्ड बना बिस्कुट व चाकलेट बांटे। अधीक्षक विजय जगत ने चाकलेट, प्रधान पाठक शैलकुमार पांडेय ने पेन बांटा। बच्चों ने चित्रकला, रिंग डालो, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेकर शिक्षक प्रेमलाल किशन, प्रियाग, कुणाल, रोशन, जयप्रकाश, सुमित, हितेश, प्रताप, रुमेश, उजागर, पूरब, तरुण, रौनक, रूपेश, रुद्रप्रताप, तुलेश्वर सिदार, रामलाल सिदार ने अपनी सहभागिता निभाई।

# जिला कांग्रेस ने मनायी पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती

**जांजगीर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 14 नवंबर को कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी की 134 वी जयंती के अवसर पर जांजगीर में विचार गोष्ठी एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश पैगवार ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी पर हम सभी देश वासियों को गर्व है उन्होंने देश को आधुनिक, विज्ञानमय, एवं प्रगतिशील बनाने में विशेष योगदान दिया पंडित नेहरू जी के पहल से ही देसी एवं विदेशी मामलों में भारत देश एक विकास शील देश के रूप में उभर सका है।

जिला कांग्रेस के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का भारत देश के स्वतंत्रता आंदोलन में विशेष योगदान रहा है उन्होंने पूरे देश की यात्रा कर देशवासियों को विश्व के बदलते स्वरूप से अवगत कराया।

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर परस शर्मा ने संबोधित करते



हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू सही अर्थों में आधुनिक भारत के निर्माता थे उनके दूर दृष्टि के कारण ही विश्व में भारत का स्थान उद्योग, विज्ञान, तकनीकी में अग्रणी है। वरिष्ठ कांग्रेसी देवेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित जी का बच्चों के प्रति अपार स्नेह एवं प्यार रहा है इसलिए बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते हैं कार्यक्रम के पूर्व सर्वप्रथम पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर, धूप दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना सभा आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रफीक सिद्ध की ने एवं आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस के महामंत्री अजीत सिंह राणा ने किया कार्यक्रम में प्रमुख , युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रिंस शर्मा,जिला कांग्रेस के महामंत्री शिविर द्विवेदी ब्लॉक कांग्रेस नवागढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद कश्यप , जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष लोकेश राठौर, आभास बोस, सुखराम गरेवाल, राघवेंद्र सिंह, चिंता राम कश्यप, रफीक खान, मुस्कान परवीन,पूर्व पार्षद सत्य प्रकाश मुन्ना सिंह, संतोष बाबई गढ़वाल, अनिल राठौर, आकाश तिवारी, राजा सिद्ध की, सलीम सिद्ध की, जितेंद्र दिनकर, रवि प्रकाश पांडे,अनिल चौरसिया, लच्क्षी लदेर, , मनोहर प्रधान,कमलेश ताम्रकार, दयाराम टंडन, चितरंजन गढ़वाल, अनुराग राठौर, सुजल राठौर, गुड्डू पठान, नरसिम्हा यादव, महेतरु यादव, कुलेश्वर बघेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

## स्कूली बच्चों ने किया चक्काजाम तो रूका गणित शिक्षक का स्थानांतरण

**जांजगीर।** नवगठित जिला सक्ती में जहां शिक्षा विभाग के साथ प्रशासनिक व्यवस्था भी चरमराने लगी है। मामला स्कूली बच्चों द्वारा पढ़ाई लिखाई छोड़कर चक्काजाम करने का है। खास बात यह है कि माह भर पहले शिक्षा विभाग ने जिस शिक्षक का ट्रांसफर किया था, उसे रोकने के लिए बच्चे सड़क पर उतर आए। स्थिति यह बनी कि शिक्षा विभाग ने अपना संशोधित किया और उक्त शिक्षक को उसी स्कूल में यथावत रखने के आदेश जारी करने पड़े। गुरूवार 14 नवंबर बाल दिवस के दिन शासकीय हाईस्कूल चिस्दा के छात्र छात्राओं ने पढ़ाई लिखाई छोड़ कर आंदोलन का रूख अख्तियार कर दिया। वे अपरान्ह 3 बजे मुख्य मार्ग पर उत्तर आए और चक्काजाम कर दिया। इस दौरान वे अपने विद्यालय में पदस्थ गणित के व्याख्याता के स्थानांतरण आदेश पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बीते 3 अक्टूबर को आदेश जारी करके गणित व्याख्याता सीआर विजय का स्थानांतरण खम्हरिया किया गया है। वे उक्त शिक्षक का स्थानांतरण नहीं चाहते है। चक्का जाम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कर जमकर नारेबाजी की और स्थानांतरण आदेश में रोक लगाने की मांग करने लगे। चक्का जाम की सूचना मिलने पर हसौद तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल और थाना प्रभारी विंन्टन साहू मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों की बातें सुनी और उनसे चर्चा की। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने हसौद तहसीलदार के समक्ष अपनी मांग रखी और अपने शिक्षक के स्थानांतरण आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग करने लगे। तहसीलदार ने बच्चों की मांगों को जिला शिक्षा अधिकारी तक पहुंचा तब जिला शिक्षा अधिकारी ने 3 गणित व्याख्याता सीआर विजय को यथावत चिस्दा हाई स्कूल में रखने आदेश जारी किया।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** करोड़ों रुपए लेकर रकम वापस नहीं करने पर पीड़ित ने खुदकुशी कर ली थी। मामले में दो आरोपी पहले जेल जा चुके हैं। वहीं मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सतेंद्र पाटनवार निवासी कोरिया हाल मुकाम द्वारिका सेक्टर 18 दिल्ली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी अनुराग राठौर, अंशुल गुहा, ऋषि चौहान एवं उनके अन्य साथियों को प्रार्थी का भांजा अमन कौशिक से 1 करोड़ 60 लाख उधारी लिया था। जिसे वापस मांग करने पर आरोपियों के द्वारा वापस न कर धोखाधड़ी कर दिए तथा अमन कौशिक को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने लगे। अमन कौशिक ने प्रताड़ना से तंग आकर 10 सितंबर को आत्महत्या कर लिया था। विवेचना के दौरान अमन कौशिक की मृत्यु हो जानें पर प्रकरण में धारा 108, 111- 2, क जोड़ी गई थी। प्रकरण के आरोपी अनुराग राठौर, अंशुल गुहा को गिरफ्तार कर 30 सितंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के आरोपी ऋषि चौहान निवासी वार्ड नंबर 21 आईबी रेस्ट हाउस के पीछे जांजगीर थाना जांजगीर जो घटना घटित कर फरार था जिसे गिरफ्तार किया गया।

# नहीं थम रहा रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन का कारोबार

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण स्थित रेत घाट में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन का सिलसिला बेखौफ रूप से जारी है। जिसके चलते लोग धूल के साथ रेत फिसलन की समस्या से जूझ रहे है। ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी जिम्मेदार खनिज विभाग एवं राजस्व अमला को ना हो, इसके बावजूद धड़ल्ले से अवैध कारोबार जारी है।

गौरतलब है कि शिवरीनारायण नगर पंचायत में एक बड़ा खेल देखने को मिल रहा है। जहां पर रेत माफियाओं को अधिकारियों ने खुली छूट दे रखी है, तभी तो रोज सैकड़ों ट्रेक्टर सुबह से लेकर शाम तक अवैध खनन करने में लगे हुए और बड़ी मात्रा में नगर के बैराज के पास बाय पास रोड के किनारे और आम बगीचा सहित केरा रोड स्थित राघव होटल के पास लगातार रेत माफियाओं का खुला राज दिखाई दे रहा है जहां पर अवैध रेत खनन का कार्य धड़ल्ले से जारी हैं। शिवरीनारायण में रेत माफियाओं करने वालो के चलते कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है क्योंकि वार्ड 12 में रहने वाले अधिकतर लोग इसी मार्ग से आना जाना करते है।

वहीं लोग महानदी स्नान भी इसी मार्ग से जाया करते है लेकिन इन दिनों रेत माफियाओं को अधिकारियों ने खुली छूट दे रखी है। तभी तो रेत माफिया नगर में बेलगाम हो गए है और लगातार रेत की तस्करी कर रहे है। लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ सरकार ने घोषणा




की थी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए निःशुल्क रेत उपलब्ध कराई जाएगी. विधानसभा बजट सत्र के 11वें दिन 20 फरवरी को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसका ऐलान भी किया था। उन्होंने कहा था कि गांव में कोई भी व्यक्ति छोटे-मोटे काम के लिए रेत ले जा सकेगा. जिसमें ग्राम पंचायत को प्रधानमंत्री आवास के लिए रेत निशुल्क दी जाएगी हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं किया था कि आवास बनाने वाले को कितने ट्रॉली रेत लाने की अनुमति होगी।

**बैराज के अस्तित्व पर मंडराने लगा खतरा**

प्रतिदिन अवैध उत्खनन कर रेत माफियाओं ने स्थानीय और जिला प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी इनके खिलाफ किसी भी प्रकार से प्रशासनिक बड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे उनके हौसले काफी बुलंद होते जा रहे हैं। यदि समय रहते अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित बैराज का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

## श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर बरपाली चौक चांपा में किया प्रसाद वितरण

**जांजगीर-चांपा।** श्री खाटू श्याम के जन्मोत्सव एवं देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर बरपाली चौक में पूड़ी सब्जी प्रसाद का किया गया। नगर के बरपाली चौक में श्री राम सेवा समिति द्वारा श्री श्याम जी के जन्मोत्सव और देवउठनी एकादशी पर बरपाली चौक में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव और देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर प्रसाद बाटा गया। जय श्री राम ने इस - योजना को लगभग 10 वर्ष पुर्ण हो चुके हैं। समिति के सदस्यों ने हर शुभ कार्य त्योहार में विभिन्न प्रकार की योजनाएं बनाई जाती है। जैसे भंडारे प्रसाद आदि का आयोजन किया करते हैं। जिसमें समिति के अध्यक्ष हरिश कुमार दुबे उपाध्यक्ष सूरज यादव के निर्देश में श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर बरपाली चौक चांपा में पुड़ी मटर का प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें जय श्री राम सेवा समिति के सदस्य हरीश कुमार दुबे, सूरज यादव, राज रजक अजय सहित लोग उपस्थित रहे।

# कन्या शाला में छात्राओं को बांटी गई पाठ्य सामग्री



**अकलतरा।** नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक में बाल दिवस पर छात्राओं को प्रधान पाठक रविंद्र कुमार सिंह ने कॉपी पेन और अन्य पाठय सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे। उनका जन्मदिन 14 नवंबर 1889 को प्रयागराज उत्तर प्रदेश में हुआ था।

उन्होंने जन्मदिन को बच्चों को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहते थे। कार्यक्रम को शिक्षक रामेश्वर प्रसाद जगत, विमल बघेल, प्रेमलता कुर्रे और नीलम धिरही ने भी संबोधित किया। विद्यालय की छात्राओं ने बाल दिवस पर स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंबिका कंवर और आभार प्रदर्शन गीता सावलानी ने किया। कार्यक्रम में कांति कंवर, स्नेहा खैरवार, दुर्गा साहू, गरिमा, वैशाली स्कूल के समस्त स्टाफ और छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## मालखरौदा के मुकेश बने छग पुलिस में उपनिरीक्षक

**जांजगीर।** मालखरौदा निवासी मुकेश साहू का छत्तीसगढ़ पुलिस में उपनिरीक्षक पद के लिए चयन हुआ है। बता दें मुकेश ने अपनी स्नातक शिक्षा गुरुघासीदास यूनिवर्सिटी, बिलासपुर से फॉरेंसिक साइंस विषय पर प्राप्त की है। इस दौरान मुकेश ने बताया कि उनके पिता हेमप्रकाश साहू और माता रेवती बाई ने उनके सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब वें छत्तीसगढ़ पुलिस में अपनी सेवाएं देकर समाज की रक्षा में योगदान देंगे। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर है।

## अनमोल वचन......

**जिंदगी में जिसने समय को मान लिया, उसने अपने आप को जान लिया!**

# टीबी के शिकार होते लोग

*टीबी के मामले तेजी से बढ़े हैं। चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन मौजूद हैं, तो भी इसके कारण इतनी ज्यादा मौतें हो रही हैं और लोग इसके शिकार बन रहे हैं। परिस्थितियां अनुकूल हैं, लेकिन नतीजा उलटा हो रहा है। यह कहानी कभी घातक बीमारी रह चुके ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की- ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024- के मुताबिक 2023 में 82 लाख लोग टीबी से संक्रमित हुए, जो 1995 में निगरानी शुरू होने के बाद की सबसे बड़ी संख्या है। यह आंकड़ा 2022 में सामने आए 75 लाख नए मामलों से काफी अधिक है। इनके अलावा बड़ी संख्या की ऐसे लोगों के मौजूद होने का अनुमान है, जिनमें इस रोग का निदान नहीं हो पाया। अब डब्लूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम गेब्रियासुस की इस टिप्पणी पर गौर कीजिए- चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन मौजूद हैं, तो भी इसके कारण इतनी ज्यादा मौतें हो रही हैं और लोग इसके शिकार बन रहे हैं।*

*डब्लूएचओ ने अपनी रिपोर्ट जिक्र किया है कि दवा-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर/आरआर-टीबी) के मामलों में भी सुधार हुआ है। टीबी के सामान्य मामलों में इलाज की सफलता दर 88 फीसदी है, जबकि एमडीआर/आरआर-टीबी के मामलों में यह 68 फीसदी तक पहुंच गई है। फिर भी टीबी के मामले बढ़ रहे हैं। टीबी की वापसी से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में भारत प्रमुख है।*

*भारत सहित मध्यम आय वाले ज्यादातर देशों में यह स्थिति स्वास्थ्य के निरोधक (प्रीवेंटिव) पहलू पर जोर घटने के कारण पैदा हुई है। हर सेवा के निजीकरण के दौर में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता नहीं रह गया है। डब्लूएचओ के मुताबिक लगभग 50 फीसदी मरीजों को इलाज के दौरान विनाशकारी खर्च का सामना करना पड़ता है। इसका अर्थ है कि उनका इलाज खर्च उनकी आय का 20 फीसदी से ज्यादा होता है। स्वाभाविक है कि रिपोर्ट में टीबी संबंधी सेवाओं के लिए फंडिंग की कमी का खास उल्लेख किया गया है। 2023 में संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय बैठक में कहा गया था कि 2027 तक टीबी सेवाओं के लिए हर साल 22 बिलियन डॉलर जुटाए जाने चाहिए। 2023 में केवल 5.7 बिलियन डॉलर की फंडिंग उपलब्ध थी- यानी कुल जरूरत का सिर्फ 26 फीसदी। ऐसे में टीबी की वापसी कोई हैरत की बात नहीं है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार केसाथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का प्लान बनायेंगे। ऑफिस में किसी कामको लेकर आपकी तारीफ़ होगी । इस राशि के नवविवाहितों के लिए आज का दिनकाफी अच्छा रहने वाला है। रचनात्मक काम से आपको धन लाभ होगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपके काम आपके मन- मुताबिक पूरे होंगे। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको ही फायदा होगा। किसी भी काम को करने में पूरा मन लगेगा। आपका दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा। आपको नए काम को करने के लिये कुछ अच्छे अवसर मिलेगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स कोकड़ी मेहनत करने की जरुरत है। किसी भी काम को शुरू करने से पहले जीवनसाथी से राय-मशविरा कर लेना अच्छा रहेगा। आज आपको धैर्य और संयमके साथ अपने कार्यों को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए।

**कर्क राशिः** आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा मिलने वाला है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे,तो वह जरुर पूरा हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ किसी अच्छे रेस्टोरेंट में डिनर करने का मन बनायेंगे। इस राशि के कंप्यूटर के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। लोगों का विश्वास आप पर बना रहेगा। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिये आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा । दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको ऑफिस के अधिकारियों के साथ ताल-मेल बनाकर कार्य करने की जरुरत है। आज आपको धन लाभ के नए सोर्स नजर आयेंगे। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ेगी। आज किसी पुराने कोर्ट केस का फैसला आपके पक्ष में आयेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में बड़े अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। आमदनी में इज़ाफ़ा होने के आसार नज़र आ रहे हैं। पूरे दिन खुद को तरोताज़ा महसूस करेंगे । इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन बेहद अच्छा है । द

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी करने का मन बनायेंगे। किसी कोर्ट केस का फैसला आने में देर होगी। आप जो भी कार्य करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉज़िटिव नज़रिया रखने से वह तय वक्त में पूरा हो जायेगा । विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा ।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा । जरूरतमंद मित्रों की तरफ आप मदद का हाथ बढ़ायेंगे । आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा । इस राशि के छात्रों को अधिक मेहनत करने की जरुरत है । जीवनसाथी से आज कोई खास खुशखबरी प्राप्त होगी, जिससे आप पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे । आज आप ऑफिस के किसी काम में व्यस्त रहेंगे ।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा । आप परिवारवालों के साथ अच्छा वक्त बिताएंगे । इस राशि के जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, उन्हें तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे । किसी जरुरतमंद की मदद करने से आपको आनंद की अनुभूति होगी । आज कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे ।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा । घर में खुशी का माहौल बनेगा। संतान पक्ष से आपको खुशी मिलेगी । जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बढ़िया रहेगा । करोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे । आज आप अपने ज्यादातर कार्य समय रहते पूरा करने में सफल होंगे । स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा ।

**मीन राशिः** आज आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे । आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा । इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे । किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा । प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है । अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी ।

# यह है रीमेक का माया जाल

//सुशील कुमार सिंह//

**रोहित शेट्टी फिर अपने कॉप यूनिवर्स में लौट गए हैं। सिंघम' के बाद आई सिंघम रिटर्न', सिंबा' और सूर्यवंशी' इसी यूनिवर्स का हिस्सा थीं। अब रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन' की शक्ल में रामायण पेश कर रहे है। इस फ़िल्म में रामायण जैसा कथानक है। इस फ़िल्म में आतंकवाद है, राष्ट्रवाद है, पाकिस्तान है, मुसलमान है और नया कश्मीर है, जहां अब पत्थरबाज़ी बंद हो गई है। नए भारत के नए दर्शकों को और क्या चाहिए।**

नितेश तिवारी जो रनबीर कपूर, साई पल्लवी और यश के साथ रामायण' बना रहे हैं, वह दो टुकड़ों में बनेगी और उसका पहला भाग 2026 में रिलीज़ होगा। लेकिन रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन' की शक्ल में अपने हिस्से की रामायण पेश भी कर दी है। उनकी इस फ़िल्म में रामायण जैसा कथानक है। बाकायदा रामायण के मंचन के दृश्य दिखा कर समझाया गया है कि किस कलाकार की भूमिका रामायण के किस पात्र का स्वरूप है। इस फ़िल्म में आतंकवाद है, राष्ट्रवाद है, पाकिस्तान है, मुसलमान है और नया कश्मीर है, जहां अब पत्थरबाज़ी बंद हो गई है। नए भारत के नए दर्शकों को और क्या चाहिए।

सर्कस के पिटने के बाद रोहित शेट्टी फिर अपने कॉप यूनिवर्स में लौट गए हैं। सिंघम' के बाद आई सिंघम रिटर्न', सिंबा' और सूर्यवंशी' इसी यूनिवर्स का हिस्सा थीं। इन सबके मुख्य पात्र पुलिस अफसर थे जो यूनिवर्स की किसी भी फ़िल्म में कहीं भी आ-जा सकते हैं। इस बार सिंघम अगेन' में रोहित शेट्टी ने सिंबा' यानी रणवीर सिंह और सूर्यवंशी' यानी अक्षय कुमार के अलावा कुछ नए पात्र भी जोड़ लिए हैं। जैसे शक्ति शेट्टी (दीपिका पादुकोण) और सत्य बल (टाइगर श्रॉफ़)। वैसे फ़िल्म में जैकी श्रॉफ़ भी हैं और अर्जुन कपूर भी, जो कि विलेन हैं। एक बड़े आतंकवादी का पोता, जो अपने बाप और चाचा की मौत का बदला लेना चाहता है और जिसका ठिकाना श्रीलंका में है, वह करीना कपूर रूपी सीता का अपहरण कर लेता है। जाहिर है राम यानी अजय देवगन दल-बल सहित सीता को वापस लाने और इस दुष्ट को सबक सिखाने और उसका साम्राज्य नेस्तनाबूद करने चल देते हैं। और इस अभियान में लक्ष्मण, हनुमान, जटायु, सुग्रीव, गरुड़ इत्यादि अलग-अलग पात्रों की शक्ल में उनका साथ देते हैं। रोहित शेट्टी और पांच अन्य लोगों ने, यानी कुल छह लोगों ने मिल कर इसे लिखा है। इसी तरह डायलॉग लिखने में भी रोहित शेट्टी और मिलाप झावेरी सहित सहित कुल चार लोग लगे। यहां तक कि स्वानंद किरकिरे के लिखे एक गीत के बीस गायक हैं। यह कोई कोरस नहीं है। इन सभी को अलग-अलग पंक्तियां गाने को मिली हैं। इसलिए उनके नाम दिए गए हैं।

फ़िल्म के अंत में अपने बारह सेकेंड के कैमियो में चुलबुल पांडे यानी सलमान खान प्रकट होते हैं और सिंघम' को साथ आने का यानी भविष्य की चुलबुल सिंघम' टाइप किसी फ़िल्म का संकेत देते हैं। ध्यान रहे, चुलबुल पांडे सलमान की दबंग' श्रृंखला का नायक पुलिसवाला है। दबंग' के तीन संस्करण आए और तीसरे के बुरी तरह पिटने के बाद चौथे संस्करण की बात कहीं सुनाई नहीं दे रही। लगता है कि वहां चुलबुल के पास कोई काम नहीं बचा, इसलिए वे रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बन गए। इस यूनिवर्स के तमाम मुख्य पात्रों के नाम एस' से शुरू होते हैं। चुलबुल पांडे पहले होंगे जो इस क्रम को तोड़ेंगे। रोहित शेट्टी का हाल यह है कि उन्हें फ़िल्मों में जो भी पुलिसवाले की भूमिका में जंचने वाला कलाकार मिला उसे वे अपने यूनिवर्स में खींच लेते हैं। अगर आज जगदीश राज और इफ़्तिखार जीवित होते तो शायद वे भी इस यूनिवर्स का हिस्सा होते।

इसके साथ ही भूल भुलैया 3' रिलीज़ हुई जो अपनी श्रृंखला की तीसरी किस्त है। पहले संस्करण से ही दर्शकों में इसका क्रेज़ पैदा हो गया था जिसमें अक्षय कुमार, विद्या बालन और अमीषा पटेल थे और प्रियदर्शन का निर्देशन था। इसके पंद्रह साल बाद टी सीरीज़ वाले भूल भुलैया 2' लेकर आए जिसमें कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू को मुख्य भूमिकाएं मिलीं। अनीज बज़्मी के निर्देशन में बनी 2022 की इस फ़िल्म ने भी अच्छी कमाई की जिसके कारण दो साल बाद ही इसका तीसरा संस्करण आ गया। इसमें भी अनीज बज़्मी का निर्देशन है। भूल भुलैया 3' में कार्तिक आर्यन फिर से रूह बाबा यानी एक फर्ज़ी प्रेत साधक बने हैं और पूरे आत्मविश्वास से बने हैं। दूसरे संस्करण में भी उनकी यही भूमिका थी जिसमें वे एकदम फिट हो गए लगते हैं। अक्षय कुमार से शुरू हुई इस श्रृंखला के बाद के दोनों संस्करणों में कार्तिक आर्यन हीरो हैं। वैसे भी माना जाता है कि वे भविष्य के अक्षय कुमार हैं। उनके साथ तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित को भी अहम भूमिकाएं दी गई हैं और जिन विद्या बालन ने दूसरे संस्करण में काम करने से यह कह कर इन्कार कर दिया था कि सीक्वल नहीं चलेगा, वे अपनी बात गलत साबित होने पर इसके तीसरे संस्करण में लौट आई हैं।

भूल भुलैया 3' में भी दो सौ साल पुरानी एक बंगाली हवेली अथवा महल है जिसमें एक कमरा है जो हमेशा बंद रहता है। मंजुलिका नाम की एक महिला की आत्मा उसमें बंद है जो बदला लेने पर उतारू है। कभी-कभी उसमें से किसी के गाने की या पायल की आवाज़ आती है। भूल भुलैया 3' बताती है कि किसी समय रक्तोघाट नामक रियासत के राजा ने इस महिला को जिंदा जलवा दिया था। अब यानी उसके दो सौ साल बाद ठग रूह बाबा को पैसे का लालच देकर तृप्ति डिमरी इस हवेली में ले आती हैं। वहां उसे नए-नए रहस्य पता चलते हैं। संदिग्ध गतिविधियों वाले विद्या बालन और माधुरी दीक्षित के पात्र रूह बाबा के पीछे पड़ जाते हैं। मगर अंत में सब कुछ बदल जाता है। स्त्री 2' की बड़ी सफलता ने वैसे भी देश में हॉरर कॉमेडी वाली फ़िल्मों के लिए नई उम्मीदें जगा दी हैं जबकि भूल भुलैया' श्रृंखला लोगों को पहले से ही पसंद आ रही है। इसीलिए सिंघम अगेन' की भारी-भरकम स्टार कास्ट के बावजूद भूल भुलैया 3' उसे टक्कर दे रही है।

सिंघम अगेन' का बजट 300 करोड़ से ऊपर बताया जा रहा है जबकि भूल भुलैया 3' इसके लगभग आधे पैसे में पूरी हो गई। दोनों फ़िल्मों की दीवाली पर एकसाथ रिलीज़ को लेकर बाकायदा विवाद खड़ा हुआ। पहले ख़बर आई कि कार्तिक आर्यन ने अजय देवगन से यह गुजारिश की है कि वे सिंघम अगेन' को एक हफ्ते पहले या एक हफ्ते बाद रिलीज़ कर लें। अजय सिंघम अगेन' के सह-निर्माता भी हैं। लेकिन बात नहीं बनी और दोनों फ़िल्में एकसाथ रिलीज़ हुईं। फिर एक और विवाद खड़ा हुआ। भूल भुलैया 3 के निर्माता कम स्क्रीन मिलने की शिकायत लेकर सीसीआई यानी कॉम्पटीशन कमीशन ऑफ़ इंडिया पहुंच गए। शुरू में हालत यह थी कि सिंघम अगेन' को चौबीस घंटे में 5723 शो मिल रहे थे जबकि भूल भुलैया 3' को 4294 शो। सीसीआई से टी सीरीज़ वालों ने मांग की कि दोनों फ़िल्मों को आधी-आधी स्क्रीनें दिलवाई जाएं। शायद इसी का नतीजा था कि भूल भुलैया 3' को रात को ग्यारह बजे और फिर रात को तीन बजे के कुछ शो और मिल गए। फिर भी उसके कुल शो कम रहे। अब स्थिति यह है कि भूल भुलैया 3' के पास स्क्रीनें कम हैं तो शो भी कम हैं, फिर भी यह फ़िल्म बॉक्स ऑफ़िस पर सिंघम अगेन' से कड़ा मुकाबला कर रही है। ये दोनों फ़िल्में जिस तरह चल रही हैं उससे निश्चित ही हिंदी सिनेमा को इस साल हुए नुक्सान की काफी हद तक भरपाई होगी।

यह अलग बात है कि इन दोनों ही फ़िल्मों का स्तर बहुत हल्का है। लेकिन शायद हिंदी के दर्शक अब औसत दर्ज़े की फ़िल्मों को ही पसंद कर रहे हैं। पिछले दो-तीन सालों में जितनी भी फ़िल्में बड़ी हिट मानी गई हैं उनमें अधिकतर का दर्ज़ा औसत से ऊपर नहीं था। न फ़िल्मकारिता में और न कथ्य में। जबकि इसी दौरान जो बेहतर फ़िल्में आईं वे पिट गईं। साफ़ है कि हम दर्शक के तौर पर क्या देखना पसंद कर रहे हैं।

वैसे इन दोनों फ़िल्मों के पीछे रीमेक की भी एक अलग ही कहानी छुपी हुई है। रोहित शेट्टी के कॉप यूनीवर्स की पहली फिल्म सिंघम' असल में 2010 की तमिल फ़िल्म सिंघम' का रीमेक थी। इस तमिल फिल्म का रीमेक केवल हिंदी में ही नहीं, बल्कि बंगाली में शोत्रु' नाम से, कन्नड़ में केम्पे गौडा' और फिर पंजाबी में भी सिंघम' के ही नाम से बना था। फिर जब 2014 में सिंघम रिटर्न्स' आई तो वह भी मलयाली फिल्म एकलव्यन' से प्रेरित थी। इसके बाद इसी यूनिवर्स की 2018 में आई सिंबा' भी 2015 की तेलुगु फ़िल्म टेंपर' का रीमेक थी। इसी तरह, पहली भूल भुलैया' 2007 में आई थी जिसे टी सीरीज़ ने प्रियदर्शन के निर्देशन में बनवाया था। वह अपने आप में एक मलयाली फ़िल्म मणिचित्रथाझू' का रीमेक थी। उसके बाद भूल भुलैया 2' भी मोहनलाल की एक मलयालम फ़िल्म गीतांजलि' का रीमेक थी। मतलब यह कि सिंघम' हो या भूल भुलैया', दोनों की शुरूआत दूसरी भाषाओं की फिल्मों के रीमेक से हुई थी, लेकिन अब वे हिंदी में एक बड़ी फ्रेंचाइज़ी बन चुकी हैं। कॉप यूनिवर्स की पांचवीं और भूल भुलैया' श्रृंखला की तीसरी फ़िल्म को भी हम हिट होते देख रहे हैं। यह है रीमेक का माया जाल।

# अमेरिका के साथ भारत के संबंध अब भी अच्छे

//एस. सुनील//

**ट्रंप का एक और भाषण जो भारत में बहुत प्रसारित हुआ उसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया। ट्रंप ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है वह बर्बर है। दुनिया का कोई नेता, जब बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदओं के पक्ष में खड़ा नहीं हुआ तो ट्रंप हुए। क्या यह कोई मामूली बात है। क्या इस पर भारत के लोगों को खुशी नहीं मनानी चाहिए?**

डोनाल्ड ट्रंप लौट आए हैं। अमेरिका के इतिहास में 131 साल में वे पहले राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने कमबैक किया है। चार साल राष्ट्रपति रहने और फिर बेहद कड़वाहट भरे चुनाव में हार कर सत्ता से बाहर होने के बाद वापसी करके ट्रंप ने दिखाया है कि वे एक योद्धा हैं। उनके ऊपर महाभियोग चला। कई मुकदमे हुए। मुकदमे में सजा हुई। चुनाव प्रचार के दौरान उनके ऊपर गोली चली। लेकिन वे मैदान में डटे रहे और चुनाव जीता। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नतीजों के 24 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद जब बधाई दी तो उनके साहस और योद्धा वाली भावना की तारीफ की और कहा कि वे ट्रंप के साथ यूक्रेन युद्ध पर बात करने के लिए तैयार हैं। ध्यान रखने की जरुरत है कि ट्रंप ने चुनाव प्रचार में कहा था कि वे राष्ट्रपति बनने के बाद एक घंटे में यूक्रेन का युद्ध रूकवा देंगे। ट्रंप की जीत के बाद पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलदोमीर जेलेंस्की दोनों उम्मीद कर रहे हैं कि वे युद्ध खत्म कराएंगे। अगर ऐसा होता है तो सोचिए यह दुनिया के लिए कितनी राहत की बात होगी! दुनिया का हर देश ट्रंप के लौटने को अपने हिसाब से देख रहा है और उस पर प्रतिक्रियादे रहा है। यूरोप के देशों खास कर फ्रांस और जर्मनी की प्रतिक्रिया सधी हुई लेकिन आशंका वाली थी। ट्रंप के आने के बाद इमैनुएल मैक्रों और ओलाफ शुल्ज दोनों यूरोपीय संघ की एकजुटता की बात कर रहे हैं। ब्रिटेन की प्रतिक्रिया सामान्य थी लेकिन सबको पता है कि लेबर प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोई बड़े प्रशंसक नहीं हैं। चीन के राष्ट्रपति ने तो उनको जीत पर निजी तौर पर बधाई ही नहीं दी। कुल मिला कर दुनिया के दो देश ऐसे हैं, भारत और इजराइल, जिनकी प्रतिक्रिया वास्तविक अर्थों में ट्रंप की जीत पर खुशी और संतोष वाली थी। इसी खुशी और संतोष के अंदाज में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने दोस्त डोनाल्ड ट्रंप' को बधाई दी। नतीजों के तुरंत बाद उन्होंने बधाई दी और उसके थोड़ी देर बाद दोनों की बातचीत भी हुई, जिसकी जानकारी खुद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। आश्चर्य नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर आम भारतीय नागरिकों ने भी खुशी मनाई। भारत के लोगों ने उनके भाषणों के वीडियो शेयर किए। उनके दो भाषण सबसे ज्यादा शेयर किए गए। अपने एक भाषण में ट्रंप ने कहा कि, मैं हिंदुओं का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। अगर मैं चुनाव जीता तो हिंदुओं का, भारतीयों का एक सच्चा दोस्त व्हाइट हाउस में होगा'। उन्होंने आगे कहा, भारतीय हिंदुओं की कई पीढ़ियों ने हमारे देश अमेरिका को मजबूत बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है'। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव के 256 साल के इतिहास में किसी राष्ट्रपति ने भारत और हिंदुओं के बारे में इतनी सकारात्मक, सार्थक और अच्छी बातें नहीं कही हैं। ट्रंप का एक और भाषण जो भारत में बहुत प्रसारित हुआ उसमें उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया। ट्रंप ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है वह बर्बर है। दुनिया का कोई नेता, जब बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदओं के पक्ष में खड़ा नहीं हुआ तो ट्रंप हुए। क्या यह कोई मामूली बात है। क्या इस पर भारत के लोगों को खुशी नहीं मनानी चाहिए।

ट्रंप की जीत पर भारतीयों के खुशी मनाने के एक नहीं कई कारण हैं। एक कारण तो यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके निजी संबंध बहुत अच्छे हैं। वे हमेशा प्रधानमंत्री की तारीफ करते रहे हैं और कई मौकों पर कहा है कि भारत के हितों की रक्षा के लिए श्री नरेंद्र मोदी कुछ भी कर सकते हैं। दोनों नेताओं के निजी संबंधों की केमिस्ट्री कैसी है यह टेक्सास के ह्यूस्टन में हुए हाउडी मोदी' और अहमदाबाद में हुए नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम में दिखा। एक कार्यक्रम में अमेरिका में मोदी, मोदी के नारे लगे थे तो दूसरे में भारत में ट्रंप, ट्रंप के नारे लगे थे। दुनिया के दो सबसे बड़े और जीवंत लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के हित एकाकार हो गए दिखते हैं। ट्रंप की जीत और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके प्रगाढ़ संबंधों से इस बात की गारंटी है कि अब दुनिया में कहीं भी भारत के और हिंदुओं के हितों को नुकसान पहुंचाने वालों की खैर नहीं होगी। दुनिया जानती है कि आतंकवाद से सबसे ज्यादा पीड़ित देश भारत है। भारत का एक पड़ोसी देश दशकों से छद्म युद्ध छेड़े हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और मजबूत होती आर्थिकी से परेशान अनेक वैश्विक ताकतें भारत विरोधी गतिविधियों में जुट गई हैं। अमेरिका से लेकर ब्रिटेन और कनाडा तक की सरजमीं से भारत विरोधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। भारत के टुकड़े टुकड़े करने की इच्छा रखने वालों को मदद दी जा रही है। अलगाववादियों को शरण मिल रही है। डोनाल्ड ट्रंप की आतंकवाद पर सख्त नीति से ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगेगी। कनाडा और अमेरिका में बैठ कर भारत के खिलाफ अभियान चलाने वाली ताकतें कमजोर होंगी। अलगाववादियों के प्रत्यर्पण का रास्ता भी साफ होगा। अमेरिका से हाल के दिनों में जो तनाव बना था उसमें कमी आएगी।अमेरिका के बाद कनाडा में सत्ता परिवर्तन की बारी है।

डोनाल्ड ट्रंप के सबसे मुखर समर्थक और दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति इलॉन मस्क ने कहा है कि अगले चुनाव में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो हारेंगे। गौरतलब है कि मस्क ने ट्रंप के समर्थन में अपना सब कुछ दांव पर लगाया था। दुनिया के किसी कारोबारी ने कभी भी राजनीति में जो नहीं किया होगा वह मस्क ने किया। उन्होंने ट्रंप के प्रचार में करोड़ों डॉलर खर्च किए। मस्क ने ही अर्ली वोटिंग में हर दिन एक मतदाता को 10 लाख डॉलर देने का ऐलान करके ट्रंप का माहौल बनाया। तभी पांच नवंबर को हुए मतदान से पहले ही अर्ली वोटिंग में आठ करोड़ से ज्यादा वोट पड़े और ट्रंप के जीतने का आधार पहले ही बन गया था। अभिव्यक्ति की आजादी, निर्बाध व्यापार की स्वतंत्रता, लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्धता और आतंकवाद विरोध के विचार में मस्क ने ट्रंप का साथ दिया। इसी सोच में वे कनाडा में ट्रूडो सरकार की विदाई का बंदोबस्त भी करेंगे। सोचिए यह भारत के लिए कितनी सुखद बात होगी कि अपनी मूर्खता और स्वार्थ से भरी राजनीति में भारत और कनाडा के संबंधों को तहस नहस करने वाले जस्टिन ट्रूडो विदा होंगे।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ तिरुपति स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के साम्बय भवन में 71वें निखिल भारत सहकारी सप्ताह समारोह में भाग लिया।



नई दिल्ली में कालिंदी कुंज के पास यमुना नदी में जहरीला झाग तैरता हुआ दिखाई दिया।




केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नलदुर्ग में तुलजापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा-महायुती उम्मीदवार राणा जगजीत सिंह पाटिल के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक में शामिल हुए।



कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले नंदुरबार में एक चुनावी रैली में भाग लिया।




झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार उदय शंकर सिंह के समर्थन में देवघर के सारठ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नासिक के इगतपुरी में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एमसीडी में भाजपा को सिर्फ तीन वोट से मिली शिकस्त यहां हो गया खेल, आप ने मेयर चुनाव में ऐसे मार ली बाजी



**नईदिल्ली, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

सात माह बाद दिल्ली को नया महापौर मिल गया है। देव नगर वार्ड से पार्षद महेश कुमार महापौर चुनाव जीत गए हैं। जबकि उप महापौर पद भाजपा प्रत्याशी नीता बिष्ठ ने नाम वापस ले लिया तो आप पार्षद रविंद्र भारद्वाज ने निर्विरोध जीत दर्ज की। भले ही आप ने महापौर व उप महापौर पद पर जीत दर्ज कर ली है लेकिन आप को इस चुनाव में बड़ा झटका लगा है। आप के आठ सदस्यों ने भाजपा को सीधे तौर पर क्रोस वोट कर दिया। जिसकी वजह से महेश कुमार को मात्र 133 वोट ही मिले। जबकि उन्हें 144 वोट मिलने चाहिए थे। यानि 11 वोट कम मिले। इसमें एक वोट आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के अनुपस्थित होने से कम हो गया था जबकि दो वोट रद्द होने से कम हो गए। आप के आठ सदस्यों द्वारा भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने से भाजपा को 122 मतों की बजाय 130 मत मिले।इससे भाजपा प्रत्याशी कृष्ण लाल मात्र तीन वोटों से हार गए। हालांकि रोचक बात यह है कि जो दो वोट रद्द हुए हैं उसमें एक वोट भाजपा को मिलने वाला था जबकि दूसरा वोट आप को मिलने वाला था, लेकिन बैलेट पेपर पर तय स्थान से बाहर मोहर लगाने की वजह से दोनों वोट को रद्द करार दे दिया गया। पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने महापौर चुनाव प्रक्रिया शुरू कराई तो कांग्रेस के पार्षदों ने आप को महापौर चुनाव में देरी कराने का विरोध करते हुए पीठासीन अधिकारी के आसन के पास पहुंचकर नारेबाजी की।

साथ ही अनुसूचित जाति का विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। इसी बीच कांग्रेस पार्षद मुस्तफाबाद से पार्षद सबीला बेगम ने बीच चुनाव में कांग्रेस छोड़ आप के सदस्यों के बीच जा बैठी। पीठासीन अधिकारी ने चुनाव की प्रक्रिया शुरू कराते हुए सबसे पहले सांसदों, उसके बाद विधायकों और फिर पार्षदों से मतदान कराया गया। हालांकि भाजपा सांसद मनोज तिवारी शुरूआत में मौजूद नहीं थे, लेकिन चुनाव की प्रक्रिया खत्म होने से ठीक पहले सदन में पहुंच गए और उन्होंने भी मतदान किया। पूरा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। न तो भाजपा के पार्षदों ने आप के खिलाफ नारेबाजी ज्यादा की और न ही आप के पार्षदों ने नारेबाजी की।

दोनों ही दलों के पार्षद शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव में हिस्सा लेते दिखे। हालांकि स्थायी समिति के सदस्य के चुनाव में सदन के भीतर मोबाइल ले जाने और जांच करने का विरोध करने वाले आप पार्षदों ने इस बार कोई विरोध नहीं किया। सभी जांच भी कराई और मोबाइल भी लेकर नहीं गए। उल्लेखनीय है कि एमसीडी में महापौर व उप महापौर चुनने के लिए पार्षदों के साथ ही 14 विधानसभा से निगम में नामांकित विधायक और राज्यसभा और लोकसभा के सांसद भी वोट करते हैं। कुल सदस्यः 273 (249 निर्वाचित पार्षद, 14 विधायक और सात लोकसभा व तीन राज्यसभा सदस्य)आप : 144 (128 पार्षद, 13 विधायक, तीन राज्यसभा सदस्य) भाजपाः 122(114 पार्षद, सात लोकसभा सांसद व एक विधायक) कांग्रेसः 7 किस प्रत्याशी को कितने वोट मिलेकुल वोटः 273मतदान हुआ। 265 महेश कुमार (आप)- 133कृष्ण लाल (भाजपा)- 130रद वोटः 2

# खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप डल्ला की कनाडा में गिरफ्तारी कैसे हुई



**नईदिल्ली, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

हरदीप सिंह निज्जर के सहयोगी खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप डल्ला को पिछले महीने अज्ञात निशानेबाजों के साथ मुठभेड़ में घायल होने के बाद कनाडा में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। 28 अक्टूबर को हॉल्टन में हुए शूटआउट में डल्ला को दो गोलियां लगी थीं। उसके दाहिने बाइसेप में गोली लगी थी और इसके बाद उसको अस्पताल में भर्ती किया गया था। शूटआउट के बाद जब पुलिस ने उसकी कार और घर की तलाशी ली और तो उसके पास से अवैध हथियार पाए गए तो इसके बाद डल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, कनाडा में आतंकी अर्शदीप डल्ला की गिरफ्तारी के बाद उसके साथी गुरजंट सिंह उर्फ जंटा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।28 अक्टूबर को अर्शदीप डल्ला और गुरजंत सिंह जंटा पर अज्ञात लोगों ने हमला किया था। जांच एजेंसियों ने कहा कि अर्शदीप ने दावा किया कि एक अज्ञात वाहन उसका पीछा कर रहा था और गलती से उसके वाहन में गोली चल गई। पुलिस ने बताया कि तलाशी में कार से दो खोल भी मिले, जिससे पता चलता है कि डल्ला और जंटा ने भी जवाबी गोलीबारी की थी। साथ ही एसयूवी के ड्राइवर की तरफ और सामने की खिड़की पर गोलियों के निशान पाए गए।घटना के एक दिन बाद, पुलिस ने उनके घर की तलाशी ली और उसके पास से एक टॉरस 9 मिमी हैंडगन मिली, जिसे एक बैकपैक में डाला गया था। पुलिस को बंदूक की तिजोरी में एक राइफल, एक बंदूक और दो उच्च क्षमता वाली मैगजीन भी मिलीं। एक मैगजीन 15 राउंड गोलियां रखने में सक्षम थी, जबकि दूसरी बंदूक में 35 गोलियां रखने में सक्षम थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि 28 वर्षीय डल्ला अपनी पत्नी के साथ कनाडा के सरे में रहता है। वह कथित तौर पर जबरन वसूली, हत्या और अन्य आतंक से जुड़ी गतिविधियों के कई मामलों में शामिल है और उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामले दर्ज हैं। पंजाब पुलिस की ओर से उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है।दल्ला ने एक फेसबुक पोस्ट में पंजाब के जगरांव के इलेक्ट्रीशियन परमजीत सिंह की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। उसके साथियों ने नवंबर 2020 में डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी मनोहर लाल की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# दूसरे धर्म की युवती से Love का दर्दनाक अंत दरभंगा के युवक की मुंबई में सात टुकड़ों में मिली लाश

**बेनीपुर, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

बहेड़ा थाना क्षेत्र के कन्हौली निवासी जितेंद्र पासवान के पुत्र रघुनंदन पासवान उर्फ राघव पासवान (19) की दूसरे समुदाय की लड़की से प्रेम संबंध के चलते मुंबई में टुकड़े-टुकड़े काटकर हत्या कर दी गई।घटना की सूचना गुरुवार को मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। पिता मुंबई रवाना हो गए हैं। बताया जाता है कि रघुनंदन का प्रेम संबंध उसके गांव से करीब चार किलोमीटर दूर इब्राहिमपुर गांव निवासी एक नाबालिग लड़की से चल रहा था। लड़की के परिवार वाले इसके खिलाफ थे। इसे लेकर कई बार रघुनंदन के स्वजन से शिकायत की गई। कुछ महीने पहले स्वजन ने लड़की को इब्राहिमपुर से मुंबई भेज दिया। वहां उसके भाई रहकर काम करते हैं। तीन माह पहले रघुनंदन भी मुंबई चला गया। वहां से वह अपने साथियों के पास पुणे चला गया। रघुनंदन अपने साथी समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र के खैरापुर निवासी आशीष पासवान, सुमित पासवान एवं गोलू पासवान के साथ 31 अक्टूबर को दोबारा पुणे से मुंबई गया। आरोप है कि उसके साथियों ने ही उसे लड़की के स्वजन के हवाले कर दिया।उसी दिन सात टुकड़ों में काटकर रघुनंदन की हत्या कर दी गई। इसके बाद शव को ठिकाने लगा दिया गया। उसे बोरी में बंद कर फेंक दिया गया। युवक के हाथ पर बना आरए टैटू पहचान में मददगार साबित हुआ। टुकड़े-टुकड़े बरामद शव को लेकर भायंदर पुलिस ने जांच शुरू की।इस दौरान जानकारी मिली कि ऑटो से एक शव को ठिकाना लगाने के लिए कहीं ले जाया गया है।

पुलिस ने जांच के क्रम में ऑटो चालक को पकड़कर पूछताछ की तो मामला सामने आया।ऑटो चालक के बयान के आधार पर पुलिस हत्यारोपियों तक पहुंची। पीड़ित युवक के स्वजन ने बहेड़ा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर निवासी लड़की के चार भाइयों और दो महिलाओं पर हत्या में संलिप्त होने का आरोप लगाया है। रघुनंदन पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। छोटा भाई एवं उनसे तीन छोटी बहनें स्कूल में पढ़ती हैं। मां अंजू देवी का रोते-रोते बुरा हाल है। स्वजन ने बताया कि रघुनंदन पहले बेनीपुर की एक दवा दुकान में काम करता था। वहां उसे उक्त लड़की से प्रेम हुआ।दूसरे समुदाय के होने के कारण लड़की स्वजन इसे स्वीकार नहीं पा कर रहे थे। इस संबंध में बहेड़ा थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि कुछ दिन पहले मुंबई पुलिस ने रघुनंदन पासवान के अपहरण के संबंध में जानकारी दी थी। उसकी हत्या के संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

# बुर्का पहनाकर होटलों में ले गया, अपनी बीबी की आईडी लगाई, भाजपा नेता पर लगे आरोप तो पुलिस में मची खलबली

**बरेली, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अनीस अंसारी व उसके साथियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में प्राथमिकी लिखी गई है। यह प्राथमिकी बारादरी क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने लिखाई है।मामले में प्राथमिकी पंजीकृत नहीं होने को लेकर महिला ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री से भी मामले में कार्रवाई की मांग की। इसके बाद खलबली मची और बुधवार देर रात मामले में बारादरी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी लिख ली है। महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया। आरोप लगाया कि अनीस अंसारी ने उसकी आर्थिक तंगी का फायदा उठाया और झूठे प्यार का नाटक करके शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि आरोपी अपने साथ बुर्का पहनाकर होटलों में ले जाता और अपनी बीबी की आईडी लगाता था। जब महिला ने अनीस से निकाह का दबाव बनाया तो उसने पति को तलाक देने की बात कही। उसकी बातों में आकर महिला ने अपने पति को तलाक भी दे दिया। इसके बाद भी आरोपी ने निकाह नहीं किया और फुसलाने लगा। 22 सितंबर को जब महिला अनीस के घर गई तो अनीस और उसके बड़े बेटे शहनवाज



ने महिला को फोन छीनकर फॉर्मेट कर दिया, जिससे सभी सबूत मिट जाएं रात दो बजे तक बातचीत के बाद अनीस ने एक बार फिर से निकाह की हामी भरी। आरोप है कि इसके बाद आरोपी अनीस उसे घर छोड़ने के बहाने एक दोस्त के साथ उसे कार से ले गए और एक कमरे में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि अगले दिन अनीस फिर से अपने भाई जावेद उर्फ बब्लू, व दो अन्य साथी जावेद अंसारी व सैय्यद फैजल एक राय होकर आए और महिला को धमकाने लगे। कहा कि यदि अभी भी नहीं मानी तो उसे और उसके बच्चों को जान से मार दिया जाएगा। आरोप है कि इसके बाद जावेद उर्फ बब्लू व जावेद अंसारी ने दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने उल्टा महिला के विरुद्ध ही हनी ट्रैप की प्राथमिकी लिखा दी।

जब महिला ने उच्चाधिकारियों से प्रकरण की शिकायत की तो आरोपी अनीस ने अपने गुंडे भेजकर महिला पर हमला कराया और डराया धमकाया। इस मामले में अब बारादरी थाने में महिला के शिकायती पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी गई है।महिला के शिकायती पत्र के आधार पर प्राथमिकी लिखी गई है।

सभी आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले में जब महिला के शिकायती पत्र पर प्राथमिकी नहीं लिखी गई तो महिला ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में मुख्यमंत्री को लिखा है कि मुझे आपकी मदद की जरूरत है। अनीस अंसारी ने मेरे साथ बहुत बड़ा अन्याय किया है। आप मुझे न्याय दिलाएं, मेरा मुकदमा नहीं लिखा जा रहा है। पोस्ट में आगे लिखा है कि मेरा मुकदमा लिखा दीजिए। नहीं तो मुझे और मेरे दोनों बच्चों को अनीस अंसारी और उनके गुंडे मार देंगे।

# पति को ढूंढ़ते हुए दूसरे घर पहुंच गई महिला टीचर दरवाजे की कुंडी खोलते ही निकली सौतन, उड़ गए होश



**मथुरा, 15 नवंबर ।**

हाथरस का एक अध्यापक मथुरा में मकान बनाकर दूसरी महिला के साथ रह रहा है। सूचना मिलने पर पत्नी हाईवे पुलिस लेकर पहुंच गई। मकान का दरवाजा खुलवाया तो पत्नी के वेश में दूसरी महिला को देख उसके होश उड़ गए। पत्नी ने हंगामा शुरू कर दिया। पति के घर पर नहीं मिलने पर पुलिस पत्नी को शांत कराकर वापस ले आई। पत्नी ने पति के खिलाफ हाईवे थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। हाथरस के गांव दरियापुर की रहने वाली एक महिला दरियापुर के ही एक स्कूल में सहायक अध्यापिका हैं। वर्ष 2019 में हाथरस के रहने वाले पारस सेंगर से उनकी शादी हुई थी। पारस भी एक स्कूल में अध्यापक हैं। पत्नी का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति से अनबन हो गई। इस पर वह मायके में ही रह रही हैं। पति के खिलाफ उन्होंने मुकदमा कराया था, जो हाथरस के ही न्यायालय में विचाराधीन है। पति पारस कुमार सेंगर दूसरी शादी करने के लिए उनको रास्ते से हटाने का षड्यंत्र रच रहा है। पीड़िता का आरोप है कि पति पारस मथुरा में हाईवे थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी के पास मकान बनवाकर किसी दूसरी महिला के साथ रहने लगा है। सूचना पर पत्नी गुरुवार सुबह को मथुरा पहुंचीं और हाईवे पुलिस को लेकर पति के मकान पहुंच गईं। यहां दूसरी महिला पत्नी के वेश में दिखाई दी। महिला को देख पीड़िता के होश उड़ गए। वह हंगामा करने लगी। मकान में पति पारस के नहीं मिलने पर पुलिस ने पीड़िता को समझा-बुझाकर शांत कराया।

पीड़ित सहायक अध्यापिका ने हाईवे थाने में पति के खिलाफ शिकायती-पत्र दिया है। थाना प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया, मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।गांव ऊधर से अपने मायके फिरोजाबाद जाने को निकली महिला अपने दुधमुंहे बच्चे समेत 15 दिन से गायब है। काफी तलाश के बाद भी महिला का अभी तक कोई पता नहीं चला है। परिजनों ने गुरुवार को उसके गायब होने की थाना पुलिस को सूचना दी है।

# बातचीत के लिए तैयार, लेकिन नहीं सहेंगे दबाव, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रस्ताव पर बोला ईरान

**दुबई, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

ईरान के विदेश मंत्री ने गुरुवार को कहा कि उनका देश परमाणु कार्यक्रम पर लंबित विवादों को सुलझाने का इच्छुक है, लेकिन दबाव के आगे नहीं झुकेगा। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएईए) प्रमुख राफेल ग्रासी के साथ तेहरान में बातचीत के बाद विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने कहा कि गेंद अब ईयू/ई3 के पाले में है।उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्रीय हित और अधिकारों के आधार पर बातचीत को वे तैयार हैं, लेकिन दबाव और धमकी नहीं सहेंगे।

उन्हें उम्मीद है कि दूसरा पक्ष तर्कसंगत नीति अपनाएगा। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने बताया कि तेहरान परमाणु गतिरोध को हल करने के लिए अपनी गंभीरता के बारे में ग्रासी के



माध्यम से तीन यूरोपीय शक्तियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी को एक संदेश भेजेगा। उन्होंने कहा कि तेहरान पर किसी भी दबाव का विपरीत प्रभाव होगा। राजनयिकों ने रॉयटर्स को बुधवार को बताया कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी अगले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी बोर्ड द्वारा ईरान के खिलाफ एक नए प्रस्ताव पर जोर दे रहे हैं, ताकि तेहरान पर उसके खराब सहयोग को लेकर दबाव बनाया जा सके।

ग्रासी ने ईरान के परमाणु प्रमुख के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तेहरान से शेष मुद्दों के समाधान के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यहां ठोस कदम उठाना हमारी शक्ति में है, जो अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को स्पष्ट रूप से संकेत देगा कि हम चीजों को स्पष्ट कर सकते हैं और ठोस समाधान के साथ आगे बढ़ सकते हैं।

## जालंधर के न्यू जवाहर नगर में एक घर में लगी आग, सिटी मेडिकल हॉल के मालिक की मौत

**जालंधर।** शहर के न्यू जवाहर नगर में वीरवार रात एक बजे एक घर में आग लग गई। इस हादसे में परिवार के मालिक की मौत हो गई और दो अन्य झुलस गए। मृतक का नाम अतुल सूद है। इनका नेहरू गार्डन चौक के पास सिटी मेडिकल हाल है जहां पर दवाइयां बेची जाती हैं।मोनिका और अतुल सूद तीसरी मंजिल पर सो रहे थेआग घर के मंदिर में जलाई ज्योति के कारण लगने की आशंका है। दमकल विभाग के कर्मी दस मिनट में मौके पर पहुंच गए थे। करीब डेढ़ बजे पुलिस को इसकी सूचना मिली। 1.40 बजे तक दमकल विभाग के कर्मियों ने पूरे घर में लगी आग पर काबू पाया। मौके पर जान बचाकर निकले गोपाल ने बताया कि वे पिछले 20 साल से अतुल के पास सिटी मेडिकल हाल में काम कर रहा है। उसके बाकी साथी भगत, जगदीश और रामलाल भी वहां पर काम करते हैं। वे गुरुवार की रात करीब 11 बजे सोये थे। मोनिका और अतुल सूद तीसरी मंजिल पर सो रहे हैं। वहीं वे चारों साथी नीचे वाली मंजिल में थे। करीब एक बजे उनको पटाखों की आवाज सुनाई दी। उन्होंने कमरे से बाहर निकलकर देखा तो आग की लपटें और धुआं उठ रहा था।

# इजरायल का हिजबुल्लाह पर सबसे भयंकर हमला, एक ही झटके में 200 लड़ाके ढेर

**यरूशलम, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

इजरायली रक्षा बलों ने गुरुवार को कहा कि हफ्ते भर से जारी हवाई हमलों में 200 हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए और 140 राकेट लॉन्चर नष्ट कर दिए गए। ये लॉन्चर सैनिकों के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। मरने वालों में बटालियन आपरेशन प्रमुख और हिजबुल्लाह के राडवान फोर्स में एंटी टैंक हथियारों के बटालियन प्रमुख भी शामिल थे।हमलों से हिजबुल्लाह की क्षमता को बड़ा नुकसान पहुंचा है। लेबनानी मीडिया ने बेरूत के दहियाह में नए हवाई हमले की सूचना दी। यह लेबनान की राजधानी के दक्षिणी क्षेत्र में शियाओं का गढ़ है। इसमें कहा गया है कि पास स्थित समूह के अधिकांश हथियार भंडारण और उत्पादन केंद्रों को नष्ट कर दिया गया।

इस बीच, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि पिछले 24 घंटों में लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में इजरायली हवाई हमलों में 78 लोगों की मौत हो गई, जबकि 122 अन्य घायल हो गए।रॉयटर्स के अनुसार, इजरायल ने मध्य सीरिया में होम्स प्रांत के दक्षिणी इलाके में कुसैर को निशाना बनाया है। सेना ने सीरिया और लेबनान के बीच उन मार्गों पर हमला किया, जिनका इस्तेमाल सीरिया से हिजबुल्लाह को हथियारों की तस्करी के लिए किया जाता है।इजरायली हवाई हमले ने कुसैर में सीरियाई-लेबनानी सीमा पर पुलों को निशाना बनाया, जिससे महत्वपूर्ण क्षति पहुंची है। वहीं, गुरुवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में कई आवासीय इमारतों पर इजरायली हमलों में 15 लोग मारे गए और 16 घायल हो गए।

इजरायल ने कहा कि उन्होंने सैन्य स्थलों को निशाना बनाया है।लेबनान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संकेत दिया है कि हिजबुल्लाह किसी भी युद्धविराम में अपने लड़ाकों को लेबनान-इजरायल सीमा से हटाने को तैयार है। हालांकि, भविष्य में लेबनान में ईरान समर्थित समूह के खिलाफ कार्रवाई की स्वतंत्रता की इजरायल की मांग को खारिज कर दिया।

एक इजरायली मंत्री ने संकेत दिया कि युद्धविराम करीब है। हालांकि उन्होंने कहा कि एक महत्वपूर्ण बिन्दु यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी समझौते का उल्लंघन होने पर इजरायल को लेबनान के अंदर कार्रवाई की स्वतंत्रता बरकरार रहे।7 अक्टूबर को गाजा सीमा के पास इजरायली समुदायों पर हमास के हमलों में कम से कम 1200 लोग मारे गए और 252 इजरायली और विदेशी बंधक बनाए गए।

# कोलकाता के ट्रैवल एजेंट से टिकट खरीदते थे अलकायदा के आतंकी, क्या करने वाले थे बड़ा कांड

**कोलकाता, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

बांग्लादेशी अलकायदा आतंकी कोलकाता के न्यू मार्केट में एक ट्रैवल एजेंट की दुकान से देश भर में विभिन्न स्थानों की हवाई व ट्रेन यात्रा का टिकट खरीदते थे। उक्त ट्रैवल एजेंट ने आतंकियों को कोलकाता का सिम कार्ड भी मुहैया कराया था। पूर्व कोलकाता के बेनियापुकुर इलाके में एक फ्लैट में तलाशी के बाद एनआईए के हाथ यह जानकारी लगी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उक्त ट्रैवल एजेंट को पूछताछ के लिए तलब किया है। एजेंट ने अपनी दुकान बंद कर दी है।

फिलहाल वह ऐप बाइक ड्राइवर है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक पिछले साल मई में गुजरात पुलिस की आतंक निरोधी शाखा ने चार बांग्लादेशी अलकायदा आतंकियों को गिरफ्तार किया था। बाद में एनआईए ने इन्हें अपनी हिरासत में ले लिया।एनआईए को पता चला कि ये कुछ साल पहले बांग्लादेश की सीमा पार करके कोलकाता आए थे। यहां एक किराए के घर में रहते थे। फर्जी पहचान पत्र दिखाकर कोलकाता के होटल में भी ठहरे थे।अलकायदा ने उन पर देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर उन लोगों से बात कर फंड इकट्ठा करने का दायित्व दिया जो आतंकी समूह से सहानुभूति रखते थे। इसके लिए ये चारों आतंकी देश




के अलग-अलग राज्यों में जाने लगे। वह इंटरनेट मीडिया पर संवाद के जरिए युवाओं का ब्रेन वाश करते थे। चारों के मोबाइल की जांच के बाद एनआईए अधिकारियों को कुछ मोबाइल नंबर मिले।पता चला कि एक मोबाइल नंबर पर कई बार काल की गई थी। उस शख्स के मोबाइल नंबर के आधार पर एनआईए ने फ्लैट में छापेमारी की।

फ्लैट में रहने वाले व्यक्ति ने अधिकारियों को बताया कि मोबाइल नंबर उसके रिश्तेदार का ही है। युवक परिवार के साथ दूसरे इलाके में रहता है। युवक की न्यू मार्केट इलाके में दुकान थी। उसी की दुकान से अलकायदा आतंकी देश भर में यात्रा का टिकट खरीदते थे। लॉकडाउन के बाद युवक का कारोबार चौपट होने लगा। उसने दुकान बंद कर दी। अब एप बाइक चलाता है। एनआईए अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या उस युवक ने जानबूझकर अलकायदा आतंकियों की मदद की थी या नहीं। विस्तृत जानकारी के लिए उससे पूछताछ की जाएगी।बता दें कि एनआईए ने अहमदाबाद से गिरफ्तार चार बांग्लादेशी अलकायदा आतंकियों से पूछताछ के आधार पर गत दिनों राज्य में तीन स्थानों पर तलाशी ली थी। फुलबाड़ी के अलावा, कूचबिहार के हल्दीबाड़ी और कोलकाता के बेनियापुकुर के कांटोफर लेन में भी तलाशी ली गई।

## SDM को थप्पड़ मारने वाले नरेश मीणा पर 10 धाराओं में मामला दर्ज, आरएएस अधिकारी कर रहे हड़ताल

**जयपुर, 15 नवंबर [एजेंसी]।**

राजस्थान में टोंक जिले की देवली-उनियारा विधानसभा सीट के उपचुनाव में बुधवार को मतदान के दौरान समरावता गांव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा के उपखंड अधिकारी अमित चौधरी को थप्पड़ मारे जाने के बाद देर रात जमकर बवाल हुआ। पूरी रात चले बवाल के बाद गुरुवार को भारी पुलिस बल ने पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में गांव में घुसकर नरेश और उसके 60 समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, उपखंड अधिकारी अमित चौधरी ने 10 धाराओं में नरेश मीणा के खिलाफ मामले दर्ज कराए हैं। एसडीएम मालपुरा अमित कुमार चौधरी को मतदान बूथ पर थप्पड़ मारने ओर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एसडीएम ने नगरफोर्ट थाने में नरेश मीणा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 189(2), धारा 190, 115(2), 121(2), 132, 223(ड्), 351(2), 109(1) मामला दर्ज कराया है। इसके अलावा लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950,1951 वह 1989 के अंतर्गत धारा 131 ओर धारा 132 में भी मामला दर्ज कराते न्याय की मांग की है।निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा अधिकारी को थप्पड़ मारने से नाराज राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद सहित कई कर्मचारी संगठनों ने गुरुवार को कलमबंद हड़ताल की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर कर्मचारी नेताओं ने सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने नरेश के खिलाफ पहले से दर्ज 23 मुकदमों में जांच शुरू कर दी है। नरेश को फिलहाल उनियारा थाने में रखा गया है।

सूरजपुर में 50 हजार बच्चे बाल विवाह के खतरे में: 100 में 34 बालिकाओं की शादी 18 साल से पहले कर रहे

# शर्मसार करने वाला रिकॉर्ड

## प्रदेश में सबसे अधिक बाल विवाह सरगुजा संभाग में, सूरजपुर पहले नंबर पर

– कृष्ण विभूति तिवारी –

**सरगुजा संभाग।** छत्तीसगढ़ में बाल विवाह के मामले 5 साल में करीब 9 प्रतिशत तक घटे हैं। वहीं, सूरजपुर जिले में बाल विवाह के बढ़ते मामले चिंताजनक हैं। देवउठनी एकादशी से शहनाइयों की गूंज शुरू हो गई है। ऐसे में बाल विवाह रोकने प्रशासन भी मुस्तैद है। माना जा रहा है कि सूरजपुर जिले में करीब 50 हजार से अधिक ऐसे बच्चे हैं, जो बाल विवाह के खतरे में है। बाल विवाह रोकने के लिए विभागीय अफसरों ने ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव की बैठक लेकर लोगों को जागरूक करने कहा है, इसके साथ ही उड़नदस्ता दल बनाए गए हैं।

सूरजपुर जिले में बाल विवाह का प्रतिशत 34.3 से बढ़कर 34.28 पहुंच गया है। यानी जिले में 100 में 34 किशोरियों की शादी 18 साल से पहले की जा रही है। हालात यह है कि सूरजपुर में सालभर में 65 से ज्यादा बाल विवाह विभागीय अधिकारियों व पुलिस की समझाइश के बाद रुकवाए गए हैं। जबकि कानून बाल विवाह कराने वाले माता-पिता सहित अन्य लोगों पर कार्रवाई कर 2 वर्ष की सजा व एक लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की पांचवीं रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में 2015-16 सर्वे रिपोर्ट में बाल विवाह का आंकड़ा 21.3 फीसदी था, जो अब घटकर 12.1 प्रतिशत पर आ गया है। यानी पांच साल में 9.2 प्रतिशत बाल विवाह कम तो हुए, लेकिन पूरी तरह रोक नहीं लग पाई। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सबसे




ज्यादा बाल-विवाह सरगुजा संभाग में हो रहे हैं। सूरजपुर के बाद बलरामपुर में 24.60प्रतिशत, कोरिया में 22.89प्रतिशत, जशपुर में 21.90प्रतिशत और सरगुजा में 18.70प्रतिशत बाल विवाह हुए हैं। बाल विवाह शहरों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में ज्यादा है। बाल विवाह से सूरजपुर में 4.5प्रतिशत किशोरियां 15-19 की उम्र में ही मां बन गईं।

**2.58 लाख अशिक्षित, सामाजिक बुराई पर यह बड़ा प्रभाव**

सूरजपुर जिले की जनसंख्या 7 लाख 89 हजार 43 है। इसमें 9 प्रतिशत यानी 71 हजार 536 आबादी शहरी क्षेत्र में रहती है। इनमें 2 लाख 58 हजार 325 अशिक्षित हैं, यानी साक्षरता दर 60.95 प्रतिशत है। इसका बड़ा प्रभाव बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर पड़ रहा है।

ऐसा इसलिए क्योंकि केरल जैसा शिक्षित राज्य भी है, जहां एक भी बालिका की शादी 18 साल से पहले नहीं होती। सूरजपुर में अनुसूचित जाति में 42 हजार 830 व अनुसूचित जनजाति में 3 लाख 59 हजार 672 शामिल है। इनमें करीब 3 लाख 30 हजार आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है यानी इनमें करीब एक लाख बच्चे शामिल हैं, जिनकी उम्र 18 साल से कम है। वहीं, 50 हजार से अधिक बच्चे बाल विवाह के खतरे में हैं।

**बाल विवाह रुकवाना भी कठिन, 3 दिन में 30 विवाह रोका**

सूरजपुर जिले में फरवरी 2024 में 3 दिन में 30 विवाह रुकवाया गया है। बाल संरक्षण इकाई और पुलिस की संयुक्त टीम ने बाल विवाह को रोका। इसमें प्रतापपुर, ओड़गी के चांदनी बिहारपुर, भैयाथान, रामानुजनगर और प्रेमनगर में बाल विवाह रोके गए थे।

**तीन नाबालिग बेटियों का रुका बाल विवाह**

मई 2024 में ग्राम पंचायत जोबगा, ग्राम लक्ष्मीपुर में 3 नाबालिग बेटियों की शादी को रोका गया था। बालिका के विवाह करने के लिए मंडप लगे थे, बारात आने वाली थी। सूचना पर तत्काल जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नायब तहसीलदार समेत टीम ने मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया।

**इन जिलों में हो रहे सबसे ज्यादा बाल विवाह**

प्रदेश में सबसे अधिक बाल विवाह वाले जिलों में सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, जशपुर, सरगुजा, मुंगेली, बीजारापुर, सुकमा, कबीरधाम, बेमेतरा, बस्तर और दंतेवाड़ा शामिल है। बाल विवाह कराने वालों की सूचना पुलिस, बाल विवाह निषेध अधिकारी, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला मजिस्ट्रेट को दे सकते हैं।

**इस साल 65 बाल विवाह रुकवाए**

इस साल जिले में करीब 65 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। सूचना पर टीम बाल-विवाह रोकने जाती है। परिवार के लोगों को समझाते हैं। कई बार विवाह रुकवाने में पुलिस की मदद भी लेते हैं। बाल-विवाह करने के बाद सूचना मिलने पर पुलिस केस होता है। मनोज जायसवाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सूरजपुर

**सरपंच व सचिव की ले रहे मदद- डीपीओ**

बाल विवाह रोकने के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव की बैठक लेकर लोगों को जागरूक करने कहा गया है। इसके साथ ही उड़नदस्ता दल बनाकर व अभियान चलाकर कार्रवाई करेंगे।

**रमेश साहू, जिला महिला बाल विकास अधिकारी**

**लड़के-लड़की की मानसिक स्थिति पर पड़ता है प्रभाव**

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति बंसरिया ने कहा कि कम उम्र में वैवाहिक जीवन में बंधने से लड़के और लड़की की मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। लड़की के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है और कई दफा यह परिवार वालों की छोटी सी भूल की सजा लड़कियों को अपनी जान गंवा कर चुकानी पड़ती है।



### कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग का समीक्षा बैठक आयोजित किया गया, जिसमें जिले के सभी प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में आयुष्मान भारत के तहत सभी लाभार्थियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने पर जोर दिया गया। लेप्रोसी (कुष्ठ रोग) उन्मूलन के लिए विशेष माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, जिसके तहत संदेहास्पद केसों की पहचान हेतु व्यापक सर्वेक्षण करने और जहां लेप्रोसी केस मिले हैं, उन क्षेत्रों के 5 किलोमीटर के दायरे में सर्वेक्षण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने और (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) के तहत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नामित संस्थानों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, मैटरनल डेथ रेट, वैक्सीनेशन, एनसीडी क्लीनिक, सिकल सेल जांच, एएनसी जांच, एनिमिया एचबी जांच, तथा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर छात्रावासों और स्कूलों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए भी माइक्रोप्लान बनाने पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी कार्यक्रमों की प्रगति को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से किया जाए। बैठक में विभिन्न योजनाओं की सफलता और चुनौतियों पर भी चर्चा हुई और आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नई रणनीतियाँ बनाई गईं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, जिला परियोजना अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पहले दिन पकड़ाया 184 क्विंटल अवैध धान



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सहित कोरिया जिले में भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ हो गया है। वहीं अवैध धान परिवहन, भण्डारण को लेकर बेहद चौकसी बरती जा रही है। कलेक्टर ने सभी नोडल एवं जांच अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी हालत में जिले में अवैध धान परिवहन, भण्डारण को रोकने में लापरवाही न बरतें। पूरी जिम्मेदारी के साथ चेक पोस्ट पर जांच करें और अवैध धान पाने पर नियमानुसार कार्यवाही करें। लगातार अधिकारी इसकी निगरानी करने में भी जुटे हैं और इसी का परिणाम रहा कि आज पहले दिन गठित विशेष जांच दल द्वारा अकलासरई निवासी दीपक दुबे, छिंदडाँड़ के प्रमोद किंडो, बाजारपारा-बैकुंठपुर निवासी नन्दू गुप्ता, कौचिला पटना निवासी प्रवीण अग्रवाल और छिंदिया-पटना निवासी सुनील राजवाड़े से जांच कर लगभग 184 क्विंटल यानी 479 कट्टी अवैध धान जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जांच दल में कृषि उपज मंडी समिति बैकुठपुर के प्रभारी सचिव अंजली कुमार सिंह राजस्व पटवारी आशीष पाल और उमेश साहू शामिल थे।

### कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**सूरजपुर।** छ.ग.शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रति वर्ष 14 नवम्बर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान के लिए दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष सूरजपुर में खाद्य मंत्री छ.ग.शासन दयालदास बघेल के मुख्य अतिथ्य में किया गया जिसमें जिला सूरजपुर अंतर्गत 7 परियोजनाओं के 1-1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, विभागीय योजनाओं के सफ्ल क्रियान्वयन के साथ-साथ अन्य विभागों से समन्वय, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, श्रम, गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, आयुष्मान कार्ड बनाना एवं जनगणना (जन्म/मृत्यु) आदि कार्यों में उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सहायिकाओं को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ चिकित्सा विभाग, एन. आर .सी. में भर्ती आदि कार्यों में विशेष योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

## 35 हाथियों का दल पहुंचा, कई गांव में दहशत

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में लंबे समय से सक्रिय नौ हाथियों का दल बलरामपुर जिले की ओर निकल गया, इधर ग्रामीण इलाकों से लगे जंगलों में 35 हाथियों ने अपना डेरा जमा लिया है। जो हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी मुसीबत बने हुए हैं।यह 35 हाथी वन परिक्षेत्र के करंजवार, पार्वतीपुर, केंवरा, पंडोपारा व वनक्षेत्र धरमपुर के सिंघरा, भरदा आदि गांवों से लगे जंगल में लगातार चहलकदमी कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी से संबंधित क्षेत्रों के ग्रामीणों में भय देखा जा रहा है।

हाथी धान व गन्ने की खड़ी फसल को लगातार नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। हालांकि वन विभाग की इन हाथियों के ऊपर लगातार निगरानी बनी हुई है। वन विभाग व हाथी मित्र दल के सदस्यों की संयुक्त टीम हाथियों को ग्रामीण बस्तियों की ओर जाने से रोकने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है। फिर भी हाथियों के डर से अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित ग्रामीण दिन भर मेहनत मजदूरी करने के बाद रात भर जागने को मजबूर बने हुए हैं। बुधवार को भी प्रतापपुर के रिहायशी इलाके से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित करंजवार के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम के आसपास मौजूद जंगल में इन पैंतीस हाथियों की मौजूदगी बनी रही। शाम होने के बाद हाथी करंजवार से लगी घरहरी नदी में उतरे और पानी पीकर सरहरी से होते हुए सिंघरा की ओर बढ़ने लगे। इस बीच संयुक्त टीम ने एहतियातन सरहरी-सिंघरा वन मार्ग को बंद कर राहगीरों की आवाजाही पर रोक लगा दी थी। हाथियों को सर्च लाइट की रोशनी, सायरन की आवाज व तेज हल्ला करते हुए जंगल के भीतर ही रोकने का भरसक प्रयास किया जाने लगा तो हाथी सिंघरा की ओर न जाकर भरदा की तरफ निकल गए। जहां पेंडारपारा में स्थित खेतों में लगी धान



व गन्ने की खड़ी फसल को जमकर क्षति पहुंचाई। बता दें कि वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में दशकों से लगातार बनी हुई हाथियों की मौजूदगी ने ग्रामीणों का सुख चैन छीन रखा है। हाथियों की आक्रामकता ने असमय ही दर्जनों ग्रामीणों को मौत के मुंह में पहुंचाया है। दर्जनों ग्रामीण घायल भी हुए हैं। हाथियों ने सैकड़ों घरों को क्षतिग्रस्त किया है। अब तक हजारों एकड़ भूमि में लगी फसलों को भी जबर्दस्त नुकसान पहुंचाया है। 12 जून 2015 को वन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव द्वारा जारी नवीन आदेश के अनुसार हाथी या अन्य किसी हिंसक वन्य प्राणी के हमले में किसी इंसान की मृत्यु होने पर छह लाख रुपए, स्थाई रूप से अपंग होने पर दो लाख रुपए, गंभीर घायल होने पर 59 हजार सौ रुपए व मवेशी की मृत्यु होने पर 30 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है। वहीं वन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अवर सचिव द्वारा 28 जून 2016 को ज़ारी नवीन आदेश के अनुसार हाथी या किसी भी हिंसक वन्य प्राणी द्वारा सामान्य क्षेत्र में बने कच्चे मकान को 25 प्रतिशत क्षतिग्रस्त करने पर 23800, 50 प्रतिशत पर 47600, 75 प्रतिशत पर 71400 व 100 प्रतिशत क्षतिग्रस्त करने पर 95100 रुपए क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है। तथा पहाड़ी क्षेत्रों में बने कच्चे मकानों को 25 प्रतिशत क्षतिग्रस्त करने पर 25500, 50 प्रतिशत पर 51000, 75 प्रतिशत पर 76400 व 100 प्रतिशत क्षतिग्रस्त करने पर एक लाख एक हजार नौ सौ रुपए देने का प्रावधान बनाया गया है। इसके अलावा हाथी या हिंसक वन्य प्राणी द्वारा पक्के मकानों को क्षतिग्रस्त करने पर भी मुआवजा राशि देने का प्रावधान बनाया गया है पर इसमें कच्चे मकानों के लिए क्रमानुसार बताई गई मुआवजा राशि की तुलना में 0.1 प्रतिशत मुआवजा राशि कम दी जाती है। इसके अलावा वन्य प्राणियों द्वारा फसल नुकसान करने पर भी प्रति हेक्टेयर 22239 रुपए मुआवजा राशि देने का प्रावधान बनाया गया है।

### ऑडिटोरियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय आवास मेले का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरे देशभर में एक बहुत बड़ा सामाजिक परिवर्तन आया है, कमजोर वर्ग और मिडिल क्लास के परिवारों को घर के स्वामित्व का लाभ देने के लिए यह योजना लाई गई थी, जिससे आज लाखों आर्थिक रूप से कमज़ोर पात्र हितग्राहियों के सर पर छत है और आज वो सभी अपने पक्के घर में निवास कर रहे हैं यह वक्तव्य खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आज तिलसिवां ऑडिटोरियम के एक दिवसीय आवास मेला जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब के सपने को साकार करने का संकल्प लिया है। हर गरीब का सपना होता है, कि उसका खुद का पक्का मकान हो। इस सपने को साकार करने का बीड़ा देश के प्रधानमंत्री ने उठाया। छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 14 दिसंबर को पहली केबिनेट की बैठक में 18 लाख आवास प्रदान करने हस्ताक्षर किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन आगे भी आमजन के हित फैसला लेगी और छत्तीसगढ़ को विकास की सकरात्मक दिशा देगी।

### स्कार्पियो हादसा: दंपती सहित तीन की मौत, गैर इरादतन हत्या का केस

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर-दरिमा मार्ग पर ग्राम कंठी के समीप स्कार्पियो हादसे में मृतकों की संख्या तीन हो गई है। देर रात घायल दंपती ने भी दम तोड़ दिया। बुधवार शाम मैनपाट की ओर से आ रही अंबिकापुर के युवकों की स्कार्पियो ने सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंद दिया था। दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल हैं। मामले में पुलिस ने स्कार्पियो में सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का अपराध पंजीकृत किया गया है। घटना के बाद नाराज लोगों ने स्कार्पियो को फूंक दिया था। तेज गति की स्कार्पियो ने अंबिकापुर-दरिमा मार्ग पर कंठी के पास बुधवार शाम चना-मूंगफली ठेले के पास खड़े लोगों और एक मोटर साइकिल सवार युवक को चपेट में ले लिया था। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक रमेश प्रजापति (30) निवासी करजी की मौके पर मौत हो गई थी। वह अंबिकापुर से काम कर घर लौट रहा था। इस दुर्घटना में ठेले के पास खड़े स्कूटी सवार दंपती विजय वर्मा (60) व मीरा वर्मा (58) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मीरा वर्मा ने फिरदौसी अस्पताल अंबिकापुर में दम तोड़ दिया। वहीं पति विजय वर्मा की मेडिकल कालेज अस्पताल में मौत हो गई। दोनों कंठी में दुकान का संचालन करते थे।शाम को पति-पत्नी चना-मूंगफली के ठेले से सामान ले रहे थे। उसी दौरान स्कार्पियो ने उन्हें चपेट में ले लिया था। दुर्घटना में घायल ठेला संचालक बिजेंद्र दास (50), ठेले के पास खड़ी कंठी निवासी सुखमेन (50) और ग्राम पर्री निवासी नारद राजवाड़े (30) भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इन तीनों का उपचार मेडिकल कालेज अस्पताल में चल रहा है।मालूम हो कि दुर्घटना के बाद लोगों ने स्कार्पियो में आग लगा दी थी। कंठी में हादसे के बाद स्कार्पियो सवार लोग भागने लगे थे। इनमें से दो लोगों को गांव वालों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया था। इनमें गोधनपुर निवासी रोशन गुप्ता (22) दर्रीपारा निवासी अंश साहू (26) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि घटना के समय दोनों शराब के नशे में पाए गए हैं। पिकनिक मनाकर ये लोग स्कार्पियो से अंबिकापुर शहर की ओर आ रहे थे। स्कार्पियो चालक रोशन गुप्ता एवं उसके साथी अंश साहू द्वारा शराब पीकर जानबूझकर तेज गति से वाहन चलाकर दुर्घटना के आरोप पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 के तहत अपराध पंजीकृत किया है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105, गैर इरादतन हत्या के लिए सज़ा से जुड़ी हुई है। अगर कोई व्यक्ति जान-बूझकर किसी को नुकसान पहुंचाता है और उसकी मौत हो जाती है, तो उसे आजीवन कारावास या पांच से दस साल की जेल और जुर्माना हो सकता है। अगर किसी व्यक्ति को पता था कि उसके कामों से मौत हो सकती है, लेकिन उसका इरादा हत्या करने का नहीं था, तो उसे दस साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है।



## अनाज उत्पादकों की भूमिका से होती है सहुलियत, जिलाधीश ने

**कोरिया बैकुंठपुर।** 14 नवम्बर से ज़िले में खरीफ सीजन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो गई है। कलेक्टर सहित जिला नोडल अधिकारियों को सौंपे गए धान उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर किसानों का फूल मालाओं, तिलक से स्वागत किया और इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन (काँटबांटे) की पूजा कर धान खरीदी का शुभारम्भ किया। जिले की कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने पटना तहसील के तरगंवा धान खरीदी केंद्र में सुबह करीब 10 बजे पहुँचकर किसान श्रीमती कमला बाई साहू, श्रीमती पुष्पा जायसवाल, रामकिशुन साहू, सीताराम सहित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और धान, तौल-कांटा की पूजा करके किसानों को मुँह मीठा, फूलमाला, श्रीफल और शाल भेंट कर धान खरीदी का शुभारंभ किए।

कलेक्टर ने कृषक श्रीमती कमला बाई से जानकारी ली कि कितने एकड़ में धान लगाए थे और कितने क्विंटल धान बेच रहे हो। श्रीमती कमला बाई ने कहा गरीब किसान हूँ, एक- दो क्विंटल ही धान बेचने लेकर आई हूँ, ज्यादा खेत नहीं है। कलेक्टर ने बहुत सहजता से बात सुनते हुए कहा किसान कभी गरीब नहीं होते, वे अन्नदाता हैं, जिनकी मेहनत की बदौलत ही आज हम सब यहां पर हैं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कम्प्यूटर कक्ष पहुंचकर श्रीमती कमला बाई के खाते में बेचे गए धान की ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया की जानकारी भी ली।

**किसानों की मेहनत का परिणाम मिलने लगा**

इसी तरह पटना धान उपार्जन केन्द्र पहुंचकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने किसानों से बातचीत की बल्कि उन्होंने किसानों से कहा आप लोगों की मेहनत का परिणाम अब मिलने लगा है, निश्चित ही किसान छत्तीसगढ़ की रीढ़ हैं, ऐसे में सभी किसानों का सम्मान करना हम सबकी जवाबदेही है।

**प्रशासन व राज्य सरकार का जताया आभार**

ग्राम अंडा निवासी दिनेश साहू ने बताया कि वे आज करीब 26 किवंटल धान बेचने लाए हैं, इनसे मिलने वाली राशि का उपयोग खेत निर्माण के साथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए उपयोग करेंगे। इसी तरह अंकित पांडे ने बताया कि आज 60 क्विंटल धान बेच रहे हैं, मिलने वाली राशि का उपयोग किसानी कार्य के साथ घरेलू कार्य में उपयोग करेंगे। इन्होंने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने के व ख़रीदी केंद्रों में समुचित व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन व राज्य सरकार का आभार जताया।

**किसानों का किया गया स्वागत**

धान खरीदी केंद्र छिंदिया, सरभोका, रजौली, धोराटिकरा, सलबा, सोनहत, छिंदडाँड़, जामपारा, बंजारीडाँड़, अकलासरई, चिरमी, सोनहत, जिल्दा, बेमा, झरनपारा, बड़ेकलुआ गिरजापुर सहित विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का नोडल अधिकारियों ने किसानो को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

**छोटे किसानों की स्थिति में होगा सुधार**

यहां पहुंचे किसानों ने कहा कि विष्णुदेव सरकार खुले दिल से हम किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीद रही है। इससे छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति में और सुधार आएगा साथ ही बाजार में रौनक बढ़ेगी।

**पहले दिन 1645 क्विंटल धान की खरीदी**

सहायक पंजीयक विजय उइके ने जानकारी दी है कि आज जिले के करीब 53 किसानों से 1645 क्विंटल से अधिक धान खरीदी की गई है। लगभग सभी धान केंद्रों में किसान धान लाना शुरू कर चुके हैं।

### विवाह, पॉक्सो एक्ट और बाल संरक्षण पर किया गया जागरूक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर और जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी नोज कुमार जायसवाल द्वारा भैयाथान विकासखण्ड में जन शिक्षकों को एक विशेष बैठक में बाल विवाह और बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया गया।

बैठक के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जयसवाल ने शिक्षकों को बाल विवाह की समस्या और इससे जुड़े तथ्यों की जानकारी दी। श्री जयसवाल ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए बताया कि सूरजपुर जिले में बाल विवाह का प्रतिशत 34.3: है।

# नदी और सरोवर के तट जगमगाए रौशनी से, आज रात होगी देव दीपावली

**कोरबा।** ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, ध्यान और पूजन की परंपरा के साक्षी बने हसदेव सहित जिले की नदियों और सरोवर के पवित्र घाट। अवसर था हिंदू कैलेंडर के कार्तिक पूर्णिमा का। आशा से कहीं ज्यादा लोगों की संख्या यहां पर सनातन परंपरा का निर्वहन करने के लिए पहुंची थी, वह भी ठंड की परवाह किए बिना। दीपदान से नदियों और सरोवरों के तट रौशनी से नहा उठे। आज रात देव दीपावली की खुशियां धरती के साथ अम्बर तक बिखरेंगीं।

देश की बड़ी नदियों में चली आ रही देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान की परंपरा ने विस्तार लिया है। औद्योगिक तीर्थ कोरबा इस श्रृंखला में शामिल हुआ। समय के साथ सामाजिक और धार्मिक पुनर्जागरण के दौर में कोरबा क्षेत्र के नागरिक कदमताल कर रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर इस बार हसदेव के साथ-साथ अहिरन, सोन, तान और लीलागर नदियों में ही नहीं बल्कि तालाबों और जलाशयों में पुण्य स्नान को लेकर काफी उत्साह नजर आया। हिंदू समुदाय से जुड़े बच्चों से लेकर उम्रदराजों की उपस्थिति ने यह जताने का प्रयास किया कि परंपराओं को जीवंत रखने के लिए बहुत कुछ किया जा रहा



है। मौसम के अलावा दूसरी बाधाएं इस मामले में आड़े नहीं आ सकती और न ही लोगों के कदम रूक सकते। सुबह 4 बजे से पहले ही इन स्थानों पर लोगों की उपस्थिति दर्ज हुई, जिन्होंने स्नान करने के साथ नदी व जलाशयों को फल, फूल और तिल अर्पित किया। द्रव्य भी यहां प्रवाहित किया गया। पुण्य भाव से जलतत्व की आरती करते हुए प्रकृति की उदारता और मानव कल्याण के लिए कामना की गई। लोगों ने यहां पर एक-दूसरे को कार्तिक पर्व की शुभकामनाएं दी।

### हवन-पूजन हुआ सुबह, शाम को महाआरती

आज सुबह हसदेव नदी के किनारे नमामि हसदेव संगठन के द्वारा हवन-पूजन किया गया। संबंधित लोग इसमें शामिल हुए। शाम 5 बजे के बाद यहां महाआरती होना है। इसके लिए बड़ी तैयारी की गई है। पिछले वर्ष जुटी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने आज हसदेव नदी तक तरफ जाने वाले मार्ग को डायवर्ट किया है।

## छठ घाट और शिव मंदिर तालाब में श्रद्धालुओं ने किया दीपदान



**कोरबा।** दीपका क्षेत्र के प्रगति नगर छठ तालाब और गेवरा के बड़े शिव मंदिर तालाब में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु महिलाओं ने पहुंचकर स्नान कर पूजा-अर्चना की। सूर्योदय से पहले ही श्रद्धालुओं ने पवित्र जल में द्वीप दान का विशेष अनुष्ठान किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने आस्था के दीप जलाकर उन्हें जल में प्रवाहित किया, जिससे तालाबों का दृश्य अत्यंत मनोहारी हो गया। ऊर्जानगर गेवरा के रहने वाले भगवताचार्य पंडित रुद्र भागवत पांडे महाराज ने बताया कि आज के दिन द्वीप दान कर धार्मिक अनुष्ठान करने से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति है इससे जीवन में उजाले का संचार होता है और इसे पापों के नाश और पुण्य प्राप्ति का साधन माना गया है।

## सिन्धी समाज ने निकाली प्रभात फेरी



**कोरबा।** श्री गुरु नानक देव के 555वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत की अगुवाई में स्वामी भाई बाजाराम दरबार से सिंधी समाज कोरबा द्वारा गुरुवार दिनांक 14 नवंबर 2024 को भव्य प्रभात फेरी निकाली गई।

भक्तिभाव एवं श्रद्धा से परिपूर्ण यह प्रभात फेरी स्वामी भाई बाजाराम दरबार से आरंभ हुई एवं रानी रोड, इतवारी बाजार पटेलपारा से रामसागरपारा पहुंची तथा ओव्हरब्रिज,मेन रोड होते हुए संत कंवर राम उद्यान पहुंची, जहां नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनभावन प्रस्तुति दी गई। जिसमें बच्चों एवं बड़ों को अपने जन्म दिन पर होटलों में पार्टी देने के बजाय अपने पूज्य गुरुद्वारों में अपने गुरु और परिजनों के सानिध्य में जन्म दिन मनाने की सीख दी गई।

इस सराहनीय कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद ग्रहण कर प्रभात फेरी में शामिल सभी भक्तजन रानी रोड होते हुए स्वामी भाई बाजाराम दरबार शहीद हेमू कालाणी नगर रानी रोड पहूंचे जहां भाई साहब नारायण दास जी ने सर्वजन की खुशहाली हेतु अरदास की व अध्यक्ष श्री किशन चंद दावड़ा ने कल मनाये जाने वाले पर्व की रुपरेखा बता कर सभी से सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया। तथा गुरु नानक देव जयंती की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए प्रभात फेरी को विश्राम दिया।

# बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रयास जारी

### नगर पालिका क्षेत्र की जरूरतों पर फोकस : मित्तल

**कोरबा।** नगर पालिका कटघोरा क्षेत्र में नागरिक आवश्यताओं की पूर्ति के लिए बेहतर योजना बनाने के साथ लगातार काम हो रहा है। समस्याओं का परीक्षण करने के साथ समाधान के उपाय न केवल तलाशे गए हैं बल्कि इनके क्रियान्वयन को लेकर भी गंभीरता दिखाई जा रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल ने तरूण छत्तीसगढ़ को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डों को पहचान देने के लिए वे सभी प्रयास हो रहे हैं जिनकी आवश्यकता है। नगर पालिका के गठन के बाद से अग्रगामी कोशिश की गई है और क्षेत्र के सुविधा संपन्न बनाने के लिए काम किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें अधिक समय तक यहां की सेवा करने का अवसर दिया। इस कसौटी पर खरा उतरने के लिए जो भी संभव हो सकता है, काम किया जा रहा है। जल आवर्धन योजना के माध्यम से क्षेत्र की एक बड़ी चुनौती अथवा समस्या



को दूर करने के लिए काम किया गया है। अच्छी सड़कों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में हमारी ओर से सकारात्मक और ठोस काम किए गए। जहां कहीं अलग-अलग प्रकार की समस्याएं बनी हुई थी, उनका सर्वेक्षण कराने के साथ प्लानिंग की गई और कार्यों को आगे बढ़ाय गया। वर्तमान में अनेक वार्डों में इस प्रकार के कार्य कराए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष के तौर पर कटघोरा का नेतृत्व कर रहे रतन मित्तल ने बताया कि टीम वर्क के कारण अच्छे परिणाम सामने आते रहे हैं और अगले कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती रही है। राज्य सरकार की जानकारी में उन्होंने अपने कार्यकाल में शहर से संबंधित कई विषयों को लाने का काम किया है। भिन्न-भिन्न क्षेत्र से जुड़े कार्यों को बढ़ाने के लिए जो भी बेहतर होगा, वे हमारी प्राथमिकता का हिस्सा है और इन्हें अवश्य मूर्त रूप दिया जाएगा।

# कुछ सेंटर में धान की बोहनी, अब तीन दिन काम रहेगा बंद

**कोरबा।** प्रदेश सरकार की नीति के अंतर्गत किसानों से उनके खेतों में उत्पादित धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर शुरू हो गई है। कोरबा जिले में 65 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। 14 नवंबर को कुछ स्थान पर बनी हुई और इसी के साथ तीन दिन की छुट्टी हो गई। यानी इतने दिन यहां पर किसी प्रकार के कार्य नहीं होंगे।

बीते वर्ष 20000 से ज्यादा किसानों ने अपना पंजीयन धान बेचने के लिए कराया था ।अबकी बार यह संख्या में बढ़ोतरी हुई है लेकिन धान उपार्जन केदो की संख्या में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की गई है। बताया गया कि कोरबा जिले में 41 समितियां के अंतर्गत 65 उपार्जन केंद्र पिछले वर्ष थे जिसमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। प्रशासन के साथ-साथ उपार्जन की व्यवस्था करने वाले विभाग ने महसूस किया है कि जितने केंद्र बनाए गए हैं वह पर्याप्त हैं और अब इस बारे में और किसी प्रकार की आवश्यकता महसूस नहीं की जा रही है। नीतिगत रूप से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने को लेकर



जो कार्यक्रम तैयार किया गया उसके अंतर्गत संबंधित निरीक्षण पहले ही कर लिया गया और तैयारी की समीक्षा की गई। 14 नवंबर से उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया। समय पर धान की बोनी किए जाने और मौसम की अनुकूलता से अनेक स्थान पर फसल परिपक्व हो गई जिसे किसानों ने सही समय पर काटा और बेचने में रुचि दिखाई। यह रहा की खरीदी के पहले दिन ही कई उपार्जन केंद्र में श्रीगणेश हो गया। दिलचस्प बात यह है कि इसके अगले ही दिन गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा पर अवकाश की घोषणा कर दी गई। इसके अगले दिन शनिवार और फिर दूसरे दिवस रविवार होने से अवकाश है। इस तरह लगातार तीन दिन अवकाश की उपस्थिति बनी है और इस अवधि में कोरबा जिले के सभी उपार्जन केदो में खरीदी संबंधी गतिविधियां ठप्प रहेगी। इसके अलावा मौके से किसानों के लिए टोकन काटने जैसा काम भी नहीं होना है। इतना जरूर है कि व्यवस्था संचालित होने के दौरान जिन किसानों ने आगामी कार्य दिवस के लिए टोकन कटवाए हैं, उनकी धान सोमवार से प्रक्रिया में शामिल हो सकेगी। जानकारी के अनुसार किसानों से प्रति हेक्टर 21 क्विंटल अधिकतम मात्रा को लेने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन इसमें भी अंतिम रूप से गिरदावरी और अनाबरी रिपोर्ट को मान्य किया जाएगा। कहां गया है कि सत्यापन के दौरान रकबा में जितनी मात्रा की उपस्थिति मिली है, उसके हिसाब से ही उपार्जन किया जाना है। स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि लक्ष्य चाहे जो भी निर्धारित किया गया है लेकिन पूर्व रिपोर्ट के आधार पर ही खरीदी का काम जिले के सभी उपार्जन केदो के स्तर पर होना है।

### लगातार अवकाश से कैसे आएगी कसावट

बार-बार इस प्रकार के दावे किए जा रहे हैं कि प्रशासन से संबंधित सभी क्षेत्रों में कामकाज को लेकर कसावट लाई जाए। अधिकारियों और कर्मचारी की जवाबदेही तय करने पर भी बात की जा रही है और दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। उपार्जन से संबंधित काम की निगरानी को लेकर अधिकारियों को दायित्व दिया गया है। 14 नवंबर से शुरू हुआ उपार्जन का काम जनवरी अंतिम तक चलना है। जानकारों का कहना है कि सप्ताह के कार्य दिवस पहले से ही 5 दिन तक सिमट गए हैं। इन सब के बीच रविवार और अन्य कारण से होने वाले अवकाश के दौरान उपार्जन संबंधित गतिविधियां बाधित होने के कारण कई प्रकार की परेशानियां लक्ष्य पूर्ति और विक्रय के मामले में संबंधितों को हो सकती हैं

### प्री मैट्रिक छात्रावास में विधिक जागरूकता

**कोरबा।** कोरबा जिले के करतला विकासखंड मुख्यालय स्थित प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास में वैदिक जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। यहां पर जिला सत्र न्यायाधीश और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की उपस्थिति रही। उनके द्वारा विधिक अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। छात्रों के कुछ सवालों के जवाब अतिथियों के द्वारा दिए गए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी केके वर्मा सहित अन्य अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित थे।

*कोरबा। स्वामी आत्मानंद विद्यालय गोपालपुर में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया।

# छुरीकला में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** मो. न्याज नूर आरबी प्रदेश लोकसभा प्रभारी भाजपा मोदी मित्र, सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ ने कोरबा जिले के छुरीकला में नारियल फोड़, पूजा पाठ कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक समेत समस्त स्टाफ को आगाह करते हुए कहा कि अगर किसानों से सही व्यवहार नहीं किया, किसानों से धान की पलटी करवाए या उनसे धान को छल्ली लगवाया तो कड़ी कार्रवाई शासन/प्रशासन के माध्यम से की जाएगी।



आरबी ने समिति में आयोजित धान खरीदी कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें धान बेचने के लिए एक रुपया भी देने की जरूरत नहीं है। किसी को भी कही कोई गड़बड़ी नजर आती है, तो उसे जरूर बताएं ।युवा नेता ने धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर प्रबंधक से अन्नदाताओं की सुविधा के लिए बारदानों की व्यवस्था, फड़, चबूतरा, पीने का पानी, बैठने की छायादार व्यवस्था इत्यादि करने के लिए कहा।

इस अवसर पर छुरीकला के प्रबंधक अशोक दुबे, प्रमुख किसान शिव पटेल, महेंद्र सिंह राजपूत एवं अन्य किसानों द्वारा उपार्जन केंद्र में अहाता एवं सर्व सुविधायुक्त शौचालय की आवश्यकता को देखते हुए त्वरित निर्माण की मांग की गई। जिस पर श्री आरबी ने शासन प्रशासन से चर्चा कर जल्द निर्माण कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अमित देवांगन, श्यामलाल प्रजापति, संतोष केवट, अक्ती सिंह कंवर, कलेश, फुलसाय, सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक अशोक दुबे ने किया।

# स्पर्धा में भागीदारी करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

### क्षमता विकास के लिए कौशल में निखार जरूरी : अभिषेक

**कोरबा।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती विद्यालय, दीपका, कोरबा में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। विद्या की देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा के साथ शुरू हुआ यह आयोजन छात्रों को शिक्षा और संस्कार से जोड़ते हुए मनोरंजन और सृजनात्मकता के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित रहा।

मुख्य अतिथि सहायक उप निरीक्षक जीतेश सिंह और विशिष्ट अतिथि अभिषेक सिंह, पूर्व छात्र की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। छात्रों के लिए चित्रकला, रंगोली, भाषण, मेहंदी और फाइन आर्ट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान, बच्चों को कक्षाओं में अध्यापन कराने का भी मौका दिया गया,



जिससे उनकी जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ।

अपने संबोधन में अभिषेक सिंह ने शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका पर विचार साझा किए। उन्होंने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उनकी बुनियाद को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने बाल दिवस पर अध्यापन कराने वाले आचार्यों और सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य और सभी शिक्षकों के योगदान से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों ने न केवल शिक्षा बल्कि राष्ट्र निर्माण के महत्व को भी समझा।

# बाल दिवस पर बालको ने आयोजित किया पुस्तक महोत्सव

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने बाल दिवस के अवसर पर सात दिवसीय पुस्तक महोत्सव का आयोजन किया है। शिक्षा और साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंपनी ने विद्या भवन सोसाइटी के सहयोग से अपने सामुदायिक विकास पहल 'प्रोजेक्ट कनेक्ट' के अंतर्गत महोत्सव आयोजित किया।

यह महोत्सव बच्चों, परिवारजन तथा सभी उम्र के पुस्तक प्रेमियों के लिए खुला है जो समुदाय को साहित्य से जुड़ने के लिए आमंत्रित करता है। 17 नवंबर, 2024 तक चलने वाला महोत्सव पुस्तकों का एक जीवंत वातावरण प्रदान करता है जहाँ बच्चे आलोचनात्मक पठन कौशल के साथ नई रुचियों को खोजने तथा सीखने की ललक को बढ़ा सकते हैं। पिछले 3 दिनों



में इस महोत्सव में 1200 से अधिक लोगों ने भाग लिया है, जो समुदाय की मजबूत भागीदारी और उत्साह को दर्शाता है।

पुस्तक महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में साहित्य तथा पढ़ने के प्रति रूचि उत्पन्न करना है। 2000 से अधिक पुस्तकों के साथ बच्चों की विविध रुचियों के अनुरूप इंटरैक्टिव कहानी सत्र, आकर्षक कार्यशालाएँ तथा शैक्षिक खिलौने शामिल हैं। जानकारीपूर्ण पुस्तक संग्रह के साथ महोत्सव में रोचक पठन सत्र, लेखक चर्चा, शब्दावली निर्माण तथा गणित-केंद्रित गतिविधियाँ भी शामिल हैं। ये सभी रोचक जानकारी जिज्ञासा जगाने तथा साझा सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। इंटरैक्टिव माहौल में बच्चों तथा अभिभावकों के लिए शैक्षिक खेल भी शामिल हैं जिससे परिवार के साथ जुड़ने का अनुभव तथा आलोचनात्मक सोच तथा रचनात्मकता का विकास होता है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कहा कि हम अपने समुदाय में युवाओं के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा बाल दिवस पुस्तक महोत्सव पढ़ने के उत्सव के साथ एक आनंदमय समागम है जो परिवार और समुदाय के बंधन को मजबूत करता है। प्रोजेक्ट कनेक्ट के माध्यम से हम कोरबा में शैक्षिक मानकों को उंचाई प्रदान कर रहे हैं। अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए सार्थक मार्ग तैयार कर रहे हैं जिससे उज्जवल भविष्य की नींव रखी जा सके।


जिला शिक्षा संस्थान (डाइट) के प्राचार्य रामहरी शराफ कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवा दिमागों को प्रेरणा प्रदान करने का कार्य करती हैं जो सीखने की लालसा को बढ़ावा देने तथा उनके भविष्य की यात्रा का मार्गदर्शन करते हैं। पुस्तक महोत्सव के माध्यम से बालको का बाल दिवस समारोह बच्चों को उनके विकास में मदद करने के लिए आवश्यक उपकरण और संसाधन प्रदान कर रहा है।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com